www.epaper.azadsipahi.in

11 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 349

नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया मचाडो को मिला



www.merenanhekadam.com

Mere Nanhe kadam
Moving Towards a Genius World

GRAND opening TODAY

KANKE ROAD BRANCH
New Lake Avenue, Ranchi
9153971354

Chief Guest
Shri Sanjay Seth Ji
Honorable Minister of State for Defence,
Government of India.



Director's Massage

*Every child is unique and special to us. We don't treat everyone in a same way. We deal every child in that way, as they need because a genuine child's plea is*

***Don't teach me the way you can, teach me the way I can.***

***Founder & Director***
**Mrs. Vibha Singh**

OUR ACHIEVEMENTS


Guru Samman Award


Times Business Award 2025


Dr APJ Abdul Kalam Inspiration Awards 2023


World Signature Award 2019


Jharkhand Ratna 2018 by Lok Sewa Samiti


The Golden Star Award 2018

Our Special Features


AC Campus


Stage Performances


Kid's Friendly Environment


Baby Swimming Pool


Proper Meal Plan

NEW ADDITION

DAY CARE

*at All Centers of Ranchi*
*for 1.5 years to 6 years Kids*

Safe Hygienic Environment
Balanced Meal
ENGAGING ACTIVITIES with strong academic foundation

Mere NANHE KADAM... a play school
CHAIN OF PREMIUM PRE-SCHOOL

OUR BRANCHES

Line Tank Road, Behind Firayalal, Ranchi
Phone: 7280045007

A-376, Ashok Nagar, Gate No. 6, Ranchi
Phone: 7280045001

Ramgarh Cantt, Near Milanee Club, Bijulia
Phone : 9153971352




# 'जोहो' नाम तो सुना होगा, शुद्ध देशी कंपनी, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट को दे रही टक्कर

## ■ श्रीधर वैंबू जोहो के संस्थापक, सिंपल लीविंग-हाइ थिंकिंग का परफेक्ट उदाहरण
## ■ तमिलनाडु के तेंकासी गांव से चलाते हैं बिलियन डॉलर कंपनी, साइकिल से चलते हैं
## ■ कहते हैं भारत का असली टैलेंट ग्रामीण भारत में निवास करता है
## ■ इस टैलेंट से सैकड़ों बिलियन डॉलर की कंपनी खड़ी की जा सकती है



राकेश सिंह
संपादक

भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो इन दिनों खूब सुर्खियों में है। इसे एक भारतीय ने बनाया है। आज यह कंपनी कई देशों में व्यापार करती है। लेकिन अचानक भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की वजह से चर्चा में आयी। दरअसल 21 सितंबर को शाम 5 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम संबोधन में लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील की थी। इसके अलावा उन्होंने कारोबारियों से भी अपील की थी वे स्वदेशी सामान गर्व से बेचें। पीएम के स्वदेशी अपनाओ आह्वान को आगे बढ़ाते हुए आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा एलान किया था। उन्होंने बताया था कि वह डिजिटल कामों के लिए जोहो ऐप पर शिफ्ट हो रहे हैं। इस बात की घोषणा उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर की थी और सभी से स्वदेशी अपनाने की अपील भी की थी। अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रेजेंटेशन दी थी। उन्होंने प्रेजेंटेशन को माइक्रोसॉफ्ट के पावर प्वाइंट पर नहीं बनाया था, न ही गूगल पर। बल्कि अपने प्रेजेंटेशन को उन्होंने जोहो के जोहो शो पर बनाया था। इसकी चर्चा उन्होंने अपने प्रेस कांफ्रेंस में भी की, जिसका वीडियो वायरल हुआ। जोहो टूल्स की मदद से डॉक्यूमेंट्स, स्प्रेडशीट्स और प्रेजेनटेशन बनाये जा सकते हैं। आप इसे एमएस ऑफिस का भारतीय वर्जन भी समझ सकते हैं। यह भारतीय कंपनी है, जो क्लाउड-बेस्ड सॉफ्टवेयर और बिजनेस टूल्स बनाती है। यह खासतौर पर छोटे और बड़े व्यवसायों को ऑनलाइन काम आसान बनाने के लिए सेवाएं देती है। जोहो सीआरएम, जोहो मेल, जोहो बुक्स, जोहो प्रोजेक्ट्स जैसे प्रोडक्ट्स इसके प्रमुख टूल्स हैं। इनके टूल्स का इस्तेमाल अन्य कंपनियां सेल्स, अकाउंटिंग, मार्केटिंग और टीम मैनेजमेंट और इमेल मैनेज करने के लिए करती हैं। जोहो बेहद कम दामों पर एक ही प्लेटफॉर्म पर बहुत सारे टूल्स उपलब्ध करवाता है। यह भारतीय कंपनी ग्लोबल लेवल पर काम करती है और माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसे दिग्गजों को टक्कर देती है।

जोहो की वैल्यूएशन 12.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, बिना किसी बाहरी निवेशक के जोहो धीरे-धीरे ही सही लेकिन लगभग भारतीयों की जुबां पर है। इस कंपनी के फाउंडर हैं श्रीधर वैंबू। लेकिन उन्होंने इस कंपनी को 28 साल की उम्र में बनायी थी। आज इस कंपनी की वैल्यूएशन 12.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी भारतीय रुपये में यह 1.04 लाख करोड़ रुपये है। खास बात यह है कि अभी यह कंपनी शेयर मार्केट में लिस्ट नहीं है और उससे भी बड़ी बात यह है कि इस कंपनी को बनाने में श्रीधर वैंबू ने किसी से भी एक रुपये की फंडिंग नहीं ली है। यानी उनकी कंपनी जोहो बूटस्ट्रैप है। बूटस्ट्रैप का अर्थ है ऐसी कंपनी, जिसे किसी ने अपनी सेविंग और पर्सनल रिसोर्स लगाकर बनायी हो, किसी भी बाहरी निवेशक से कोई पैसा न लिया हो।

### अमित शाह भी जोहो मेल पर शिफ्ट हुए

वहीं, अब कई यूजर्स जीमेल छोड़कर जोहो मेल का इस्तेमाल करने लगे हैं। इसकी वजह है बेहतर प्राइवेसी, मुफ्त सेवाएं और प्रोफेशनल फीचर्स। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अब जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। उन्होंने अपना नया इ-मेल एड्रेस भी सार्वजनिक किया, जिससे जोहो मेल को लेकर लोगों की दिलचस्पी और बढ़ गयी है।




### बना डाला व्हाट्सप्प का मजबूत विकल्प

वैंबू का जन्म तमिलनाडु के तंजावुर जिले के एक छोटे से ब्राह्मण परिवार में हुआ था। श्रीधर वैंबू ने आइआइटी मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और अमेरिका की प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी की है। 1994 में उन्होंने क्वालकॉम में सिस्टम इंजीनियर के रूप में नौकरी करना शुरू किया। लेकिन एक-दो साल नौकरी करने के बाद उन्होंने अचानक वापस अपने देश यानी भारत लौटने का फैसला किया। वो भारत लौटकर आये, लेकिन दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद नहीं गये, बल्कि वह अपने होमटाउन यानी तमिलनाडु आ पहुंचे। और फिर यहीं से शुरू हुई एक नयी कहानी। इस कहानी में उनके साथ उनके परिवार के अन्य कई किरदार भी शामिल हुए। श्रीधर वेंबू ने जब इस कंपनी की साल 1996 में शुरूआत की थी, तब इसका नाम था एडवेंटनेट। लेकिन साल 2009 में इसका नाम बदल जोहो कॉरपोरेशन कर दिया। शुरुआत में यह कंपनी नेटवर्क मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर बनाती थी। फिर धीरे-धीरे कंपनी ने छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए सॉफ्टवेयर उत्पाद विकसित करना शुरू किया। वर्तमान समय में जोहो के 50 से अधिक प्रोडक्ट हैं और यह सीधे तौर पर माइक्रोसॉफ्ट और गूगल को टक्कर दे रहा है। यहां तक की व्हाट्सप्प को भी टक्कर दे रहा है। कंपनी का मैसेजिंग ऐप अरताई अब व्हाट्सप्प का मजबूत विकल्प बन चुका है। जोहो के प्रोडक्ट दुनिया के 180 देशों में इस्तेमाल हो रहे हैं।

### रहते हैं तेंकासी गांव में, साइकिल से चलते हैं

2019 में वैंबू ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने तमिलनाडु के तेंकासी गांव में बसने का निर्णय लिया। लगभग तीन दशक कैलिफोर्निया में बिताने और अपनी कंपनी को आगे बढ़ाने के बाद श्रीधर ने तय किया कि वह किसी शांत जगह पर बसना चाहते हैं। ऐसी जगह की खोज उन्हें दक्षिण भारत के एक दूर-दराज गांव तक लायी। यहां कई-कई बीघों में धान की खेती होती है। हरियाली से भरा गांव, चेन्नई से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में स्थित तेंकासी है। वे अब यहीं से अपना बिजनेस चलाते हैं। उनका मानना है कि टेक्नोलॉजी और गांव का विकास साथ-साथ चलना चाहिए। श्रीधर वेंबू आज भी बेहद सादगी भरी जिंदगी जीते हैं। उनकी लाइफस्टाइल एक आम गांव वालों की ही तरह है। बंगले की बजाय गांव में एक छोटे से घर में रहते हैं। लग्जरी कार की बजाय आज भी साइकिल से चलते हैं। साल 2021 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भी किया था।

### भारत का असली टैलेंट गांव में निवास करता है

उनकी कहानी यह साबित करती है कि खुशी पैसे या सुविधाओं से नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण से आती है। श्रीधर का मानना है कि भारत का असली टैलेंट गांव में निवास करता है। यानी रूरल भारत में। इसलिए मेरे पास ऐसे लोगों की टीम है, जो युवा हैं। काम के प्रति जुनूनी और कुछ कर गुजरने की भूख है। मेरा दावा है कि अगर आप रूरल भारत के टैलेंट को मौका दें, तो सैकड़ों बिलियन डॉलर कंपनी को खड़ा कर सकते हैं। कंपनी को फर्श से अर्श तक ले जाने वाले श्रीधर वैंबू इस समय कंपनी के सीइओ भी नहीं हैं, बल्कि वह कंपनी के चीफ साइंटिस्ट है। इस समय जोहो के सीइओ शैलेश कुमार डेवी हैं। कंपनी के फाउंडर श्रीधर वैंबू ने जोहो में किसी भी तरह की फंडिंग का हमेशा विरोध किया है। उन्होंने कंपनी को पूरी तरह से अपनी सेविंग और मुनाफे में खड़ा किया है। 19 फरवरी को जारी 2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 रिपोर्ट के अनुसार, बूटस्ट्रैप्ड फर्म जोहो कॉर्पोरेशन नॉट लिस्टेड कंपनियों के रूप में उभरी थी।

### मुझे गांव में रहना अच्छा लगता है: श्रीधर वैंबू

मुझे गांव वाली और सिंपल जिंदगी पसंद है। मैं ऐसे ही बड़ा हुआ हूं। मैं मिट्टी में खेला करता था। तालाबों में नहाया करता था। यह मुझे आज भी गांव में आकर्षित करती है। सिंपल लिविंग और हाई थिंकिंग ही मेरे जिंदगी जीने का नजरिया है। मेरी मां बहुत ही साधारण महिला हैं। मैं ऐसी लाइफस्टाइल नहीं चाहता, जो उनके लिए असुविधाजनक हो। यानि अनकंफर्टेबल हो। उन्हें प्राइवेट जेट में मेरे बगल में बैठना नहीं भायेगा। उन्हें बस या ट्रैन की सवारी ही पसंद है। इसलिए मुझे भी प्राइवेट जेट नहीं भाता। न ही में उसमे सफर करता हूं। मेरी मां फाइव स्टार होटल जाना नहीं पसंद करतीं। उन्हें साधारण जगह पसंद है, जहां आम लोग खाना पसंद करते हैं। वह शुरू से लेकर आजतक वैसी ही हैं। इसलिए मुझे भी सादा जीवन पसंद है। मैं आज भी मार्किट में चाट खाने जाता हूं। साधारण जीवन जीने से मेरा काम के प्रति फोकस भी बढ़ता है।

### देश की सबसे बड़ी कंपनी बन सकती है जोहो

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मार्केट कैप 18,50,700 करोड़ रुपये है। वहीं, अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड का मार्केट कैप 2,89,468 रुपये है। इस समय जोहो की वैल्यूएशन 1.03 लाख करोड़ रुपये है। यानी यह अदाणी ग्रुप से ज्यादा पीछे नहीं है। अभी जोहो मार्केट में लिस्ट नहीं है। कंपनी के फाउंडर श्रीधर वेंबू अभी चाहते भी नहीं की उनकी कंपनी मार्केट में लिस्ट हो। लेकिन अगर कंपनी लिस्ट होती है तो शायद इसकी वैल्यूएशन अदाणी एंटरप्राइजेज से ज्यादा हो सकती है।

# घाटशिला विस उपचुनाव: दूल्हा तय नहीं, फूफा-मामा-मौसा रेस

**घाटशिला से सरायकेला तक सुनाई पड़ रही तल्ख बयानबाजी के थप्पड़ों की गूंज**

**बूथ मैनेजमेंट सेकेंडरी, आरोप-प्रत्यारोप प्राइमरी**




अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** वर्ष 1986 में एक फिल्म आयी थी कर्मा। फिल्म बहुत बड़ी हिट थी। अभिनेता दिलीप कुमार ने जेलर राणा विश्वप्रताप सिंह का किरदार निभाया था और उनके अपोजिट अनुपम खेर ने डॉ डैंग का। फिल्म के एक सीन में राणा विश्वप्रताप ने डॉ डैंग को एक जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। तब डॉ डैंग ने एक डायलॉग मारा, इस थप्पड़ की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी राणा विश्वप्रताप। सिने प्रेमियों के जेहन में आज भी यह डायलॉग बसा हुआ है। बहरहाल, हमारी मंशा चुनावी मौसम में किसी को फिल्मी दुनिया में ले जाने का बिल्कुल भी नहीं है। हम तो घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के चुनावी माहौल की असलियत बता रहे हैं।

घाटशिला सीट पर उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है, लेकिन ऐसा लगता है कि दोनों ही मुख्य प्रतिद्वंद्वी दलों के प्रमुख स्थानीय नेताओं ने वोटरों को अपने पक्ष में करने और बूथ मैनेजमेंट मजबूत करने के काम को पिछले एक सप्ताह से सेकेंडरी मान लिया है और एक-दूसरे के खिलाफ व्यक्तिगत बयानबाजी को चुनाव का प्राइमरी वर्क मान लिया है। हो सकता है कि इससे कुछ लोग इत्तेफाक ना रखते हों, लेकिन अद्यतन स्थिति घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की तो फिलहाल यही बनी हुई है। एक बात और। चुनाव भले ही घाटशिला सीट पर होना है, लेकिन इसकी तपिश पड़ोसी जिले सरायकेला-खरसावां तक महसूस की जा रही है। झामुमो के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को घाटशिला के पार्टी सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब गुरुजी अपने अंतिम समय में अस्पताल में पड़े थे, तब चंपाई उनकी मिजाजपुर्सी को एक बार भी नहीं गये थे। इसके अगले ही दिन सोमवार को चंपाई सोरेन के पक्ष में उनके गृह जिला सरायकेला-खरसावां के भाजपा अध्यक्ष ने पत्रकारों को अपना बयान दे डाला। अगले दिन यानी मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण जिला भाजपा अध्यक्ष चंडी चरण साव ने कुणाल के खिलाफ ताबड़तोड़ बयान दिये। कभी षाड़ंगी परिवार के काफी निकट माने जाने वाले चंडी साव ने कुणाल को निशाने पर रखते हुए पूरे परिवार को घेरा। इससे कुणाल के पिता एवं झारखंड के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी इस कदर आहत हो उठे कि उन्होंने चंडी चरण को सार्वजनिक माफी मांगने या फिर मानहानि का दावा ठोकने की चेतावनी दे दी। इतना ही नहीं, आनन-फानन में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले चारों प्रखंडों के झामुमो अध्यक्षों ने संयुक्त रूप से मीडिया को बयान देकर चुनावी झगड़े को बनाये रखने का काम किया। कुल मिलाकर, कहा जा सकता है कि घाटशिला विधानसभा सीट के लिए अभी तक झामुमो-भाजपा ने अपने प्रत्याशी के नाम का एलान नहीं किया है और चुनावी माहौल में तल्ख बयानबाजी का जहर घुलने लगा है। इसको ऐसे भी कहा जा सकता है कि दूल्हा तय नहीं और मामा-फूफा-मौसा आदि रेस हो चले हैं।

# चैनपुर कुशवाहा टोला के ग्रामीण गुस्से में : आजादी के 78 साल बाद भी नहीं बनी पुलिया, नेताओं के वादे निकले खोखले

श्यामबच्चन यादव

**गढ़वा/सगमा (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सगमा प्रखंड अंतर्गत घघरी पंचायत के चैनपुर गांव स्थित कुशवाहा टोला के ग्रामीण आजादी के 78 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। इस टोला के लोगों को आज तक पक्की पुलिया नसीब नहीं हो सकी है। दुधवा नदी पर पुल के अभाव में हर दिन ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर बांस-बली और लकड़ी की अस्थायी पुलिया से नदी पार करनी पड़ती है, जिससे उनमें नेताओं के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

बरसात के मौसम में यह पुलिया और भी खतरनाक हो जाती है, और बरसात में अधिक बारिश होती है तो लकड़ी के बनाई गई पुल को उखाड़ कर कुछ दूर ले जाकर बहा देता है।

करीब एक सौ घरों की आबादी वाला यह टोला, जिसकी मतदाता संख्या लगभग 800 है, रोजाना इसी जानलेवा पुलिया से होकर उत्तर प्रदेश के विंढमगंज बाजार पहुंचता है। यह बाजार ही उनके जीवन का मुख्य केंद्र है, जहां से वे बच्चों की शिक्षा, दवा-इलाज और घरेलू सामान की व्यवस्था करते हैं।



ग्रामीण रामस्वरूप कुशवाहा, रामकुमार कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, विजय कुशवाहा,संगीता देवी, मालती देवी, मीरा देवी, सुशीला देवी, मंजू देवी, पूजा देवी, शांति देवी, प्रमिला देवी, सारो देवी, सविता देवी, साखो देवी, रंजीता देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुषों ने बताया कि पिछले 15 से 20 वर्षों से वे चंदा इकट्ठा कर इस अस्थायी पुल का निर्माण करते आ रहे हैं। अधिकांश ग्रामीण सब्जी की खेती कर जीविका चलाते हैं और रोजाना विंढमगंज बाजार में सब्जियां बेचते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि कुशवाहा टोला के अधिकांश बच्चे झारखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव के कारण उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में पढ़ने जाते हैं।

**झूठे वादों से बढ़ा आक्रोश :** ग्रामीणों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि चैनपुर के ग्रामीण चुनाव के समय सिर्फ वोट देने के लिए बने हैं। उनका कहना है कि चुनाव के दौरान वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव बार-बार आये और वादा किया था कि वोट उनके पक्ष में करने पर 3 से 5 महीने के भीतर दुधवा पुल का निर्माण करा दिया जायेगा। लेकिन विधायक के जीतते ही पुल निर्माण की बात तो दूर, उन्होंने चैनपुर गांव में अभी तक अपनी झलक तक नहीं दिखायी है। ग्रामीणों ने इसे विधायक और नेताओं का चुनावी जुमला करार दिया है। ग्रामीणों ने विधायक को कई बार आवेदन दिया, पर उन्हें केवल खोखला आश्वासन ही मिला।

### पूर्व और वर्तमान विधायक 'एक सिक्के के दो पहलू'

ग्रामीणों का गुस्सा केवल वर्तमान विधायक पर ही नहीं है। उन्होंने पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही पर भी सवाल उठाया है, जो तीन बार इस क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं, लेकिन उन्होंने भी पुल निर्माण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि चाहे वर्तमान विधायक हों या पूर्व विधायक — दोनों ने केवल चुनावी जुमलों से जनता को गुमराह किया है। अब लोगों का सब्र टूट चुका है। बारिश के मौसम में भी जान हथेली पर रखकर नदी पार करने को मजबूर इन ग्रामीणों ने अब आने वाले चुनाव में अपने वोट से जवाब देने का मन बना लिया है। उनका कहना है कि वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक दोनों एक सिक्का के दो पहलू हैं।

### कुशवाहा टोला के ग्रामीणों का नारा : विधायक नेता के चुनावी जुमला में नहीं आना

अब ग्रामीणों का सब्र जवाब दे चुका है। वे कहते हैं कि आने वाले चुनाव में वे अपने वोट से जवाब देंगे, ताकि नेताओं को समझ में आ सके कि अब जनता झूठे वादों में नहीं आने वाली।

www.epaper.azadsipahi.in
11 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 349


अपनी जमीन किसी के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे : अफगानिस्तान

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365

SACRED CHILD
ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## दिल के अरमां...: ट्रंप को मांगने पर भी नहीं मिला नोबेल
# वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार


● 20 साल से लोकतंत्र के लिए लड़ रहीं

एजेंसी

**ओस्लो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार पाने का आरमान दिल में ही रह गया। ट्रंप बीते कई महीने से नोबेल की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन कमेटी ने उन्हें इस पुरस्कार के लिए नहीं चुना। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्होंने वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए 20 साल लगातार संघर्ष किया है।

**मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है:** नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा कि लोकतंत्र ही स्थायी शांति की शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिये जनता को दबाने लगती है, तो ऐसे साहसी लोगों को सम्मान देना जरूरी हो जाता है। मचाडो ने सुमाते नामक संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। वे देश में मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करती रही हैं। शांति का नोबेल पुरस्कार 10 दिसंबर को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में दिया जायेगा।

**शावेज का भाषण बंद कराकर दुनियाभर में मशहूर हुईं:** मचाडो दुनिया में पहली बार तब सुर्खियों में आयीं जब उन्होंने वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति का भाषण बंद करा दिया था। यह घटना 14 जनवरी 2012 की है। शावेज संसद में 9 घंटे 45 मिनट का भाषण दे चुके थे। तभी मचाहो ने चिल्लाते हुए उन्हें 'चोर' कहा और लोगों की जब्त की गयी संपत्ति को लौटाने को कहा। इसके जवाब में शावेज ने कहा कि वो बहस नहीं करेंगे, क्योंकि वह इसके काबिल नहीं। यह घटना देशभर में चर्चा का विषय बन गयी और माचाडो को एक साहसी विपक्षी नेता के रूप में स्थापित किया।



### व्हाइट हाउस ने जतायी नाराजगी

नोबेल समिति के फैसले पर व्हाइट हाउस ने नाराजगी जतायी है। राष्ट्रपति ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि नोबेल समिति ने शांति के बजाय राजनीति को चुना है। राष्ट्रपति ट्रंप शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करवाते रहेंगे और लोगों की जान बचाते रहेंगे। उनके जैसा कोई और नहीं है जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से पर्वतों को भी हिला सके।

### मचाडो को पहले भी कई पुरस्कार मिल चुके

- **2024 सखारोव पुरस्कार:** यूरोपीय संसद ने उन्हें और एडमुंडो गोंजालेज को लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह पुरस्कार दिया।
- **2024 वाच्लाव हावेल मानवाधिकार पुरस्कार:** काउंसिल ऑफ यूरोप ने मानवाधिकारों के लिए उनकी मेहनत को सम्मानित किया।
- **2025 करेज अवॉर्ड:** जेनेवा समिट फॉर ह्यूमन राइट्स ने उन्हें और गोंजालेज को यह पुरस्कार दिया।
- **2018 बीबीसी सम्मान:** बीबीसी ने उन्हें दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं में शामिल किया।

## गुमला : एंबुलेंस 108 की संचालक एजेंसी को शोकॉज
### 'आजाद सिपाही' अखबार में प्रकाशित खबर का असर

कॉल सेंटर ने मृतक महिला के परिजनों को दी थीं गलत सूचनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एंबुलेंस 108 की संचालक एजेंसी सम्मान फाउंडेशन को उपायुक्त गुमला के निर्देश पर शोकॉज किया गया है। यह शोकॉज 'आजाद सिपाही' अखबार के गुरुवार के अंक में प्रकाशित खबर (अमानवीयः पांच घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार, महिला तड़प कर मर गयी, आयी न एंबुलेंस) खबर का असर है। इस मामले में जब पड़ताल की गयी, तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आये। सिविल सर्जन ने बताया कि इस खबर के छपने के बाद गुमला की उपयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सिविल सर्जन के साथ बैठक की। इस मामले में गहरा दुख प्रकट किया। संवेदना के साथ ही उन्होंने व्यवस्था को सुधारने को लेकर बातचीत की। साथ ही 108 की संचालक एजेंसी सम्मान फाउंडेशन को शॉकॉज करने का निर्देश दिया।

**कॉल सेंटर ने दी टाल-मटोल करने वाली सूचनाः** सिविल सर्जन ने स्पष्ट किया कि जांच में यह सही पाया गया कि 108 एंबुलेंस के कॉल सेंटर ने एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं की। कॉल सेंटर ने मृतक महिला के परिजनों के साथ टाल-मटोल का रवैया अपना। उन्हें सही सूचना नहीं दी गयी। इसके कारण घायल महिला को सही समय पर उचित इलाज के लिए व्यवस्था नहीं हो सकी। सिविल सर्जन ने माना कि वह अगर सही समय पर दुर्घटना में घायल महिला को एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करा दी जाती, तो बेहतर इलाज हो सकता था।

**अधिकतम 25 मिनट के अंदर 108 एंबुलेंस सहायता मिलनी चाहिएः** पड़ताल में यह भी पता चला कि 108 एंबुलेंस सहायता अधिकतम 25 मिनट के अंदर-अंदर इमरजेंसी मामले में मिल जानी चाहिए, ताकि गोल्डन टाइम का अधिक से अधिक सदुपयोग किया जा सके। सिविल सर्जन ने इस सवाल के जवाब में कहा कि गोल्डन टाइम का अधिक से अधिक सदुपयोग करने के उद्देश्य से ही 108 एंबुलेंस सेवा जैसा बड़ा सेवा नेटवर्क स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोल्डन टाइम का व्यर्थ जाना, कभी भी किसी की जान ले सकता है।


अमानवीय: पांच घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार, महिला तड़प कर मर गयी, आयी न एंबुलेंस



### कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगा

सिविल सर्जन ने कहा कि 108 कॉल सेंटर से 10 मिनट, 15 मिनट, 20 मिनट जैसे आश्वासन मिलते रहे और 5 घंटे की देर लगा दी गयी। इसके कारण आज 108 एंबुलेंस सेवा की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। जांच में अगर यह सही पाया गया, तो संबंधित एजेंसी की कार्य समाप्ति की अनुशंसा गुमला उपायुक्त और सिविल सर्जन के माध्यम से मंत्रालय को लिखित भेजी जायेगी।

### सही सूचना मिलती, तो वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती थी

अत्यंत गरीबों के लिए 108 सेवा मिलने में विलंब हो तो सिविल सर्जन के कार्यालय से मुफ्त एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करायी जा सकती है। आजाद सिपाही संवाददाता ने जब पड़ताल की, तो पाया कि सिविल सर्जन के कोष में इतनी पर्याप्त धनराशि होती है कि गंभीर मरीज या घायल को आपातकाल स्थिति में मुफ्त एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करायी जा सके। इस बाबत पूछने पर सिविल सर्जन ने बताया कि अगर 108 कॉल सेंटर से एंबुलेंस की अनुपलब्धता की सूचना समय पर प्राप्त हो जाती, तो सिविल सर्जन के कार्यालय से मुफ्त में एंबुलेंस की व्यवस्था करना उनकी जिम्मेदारी थी और वह इसके लिए हमेशा तत्पर भी हैं।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उठाया सवाल, यह कैसी व्यवस्था
# बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही, एंबुलेंस नहीं पहुचने से लोग दम तोड़ रहे: बाबूलाल

सरकार के भ्रष्टाचार में लोग घुन की तरह पिस रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लाखों आवेदन महीनों से लंबित पड़े हैं। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे फीस जमा करने, किताबें खरीदने और हॉस्टल खर्च उठाने में असमर्थ हो रहे हैं। कई माता-पिता मजबूर होकर कर्ज लेकर अपने बच्चों का नामांकन करा रहे हैं, ताकि उनकी पढ़ाई बीच में न रुक जाये। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी हमारे झारखंड के युवाओं को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। छात्रवृत्ति, जो विद्यार्थियों के सपनों को पंख देने का साधन होनी चाहिये, आज उनकी सबसे बड़ी चिंता बन गयी है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाती है। सीएम से कहा कि छात्रों की इस पीड़ा को समझें और यथाशीघ्र छात्रवृत्ति भुगतान सुनिश्चित करें।

वहीं, बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि घंटों तक एंबुलेंस का इंतजार करते लोग तड़प-तड़प कर मर जाते हैं। कल भी किसी की मृत्यु हुई थी, आज भी किसी की जान गयी है और कल किसी और की जिंदगी निकल जायेगी। गुमला के सदर अस्पताल में एक महिला तड़प-तड़प कर मर गयी। सिर्फ इसलिए कि पांच घंटे इंतजार करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आयी। यदि समय पर पहुंच जाती, तो महिला को बचाया जा सकता था। स्वास्थ्य व्यवस्था की ऐसी दर्दनाक और शर्मनाक तस्वीरें हर रोज अखबारों में छपती हैं। वहां की जिला उपायुक्त को भी महिला के परिजनों ने 12 बार फोन किया, लेकिन मदद तो दूर, फोन तक नहीं उठाया गया। ये एक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी का बर्ताव है? यह कैसी सरकार है? इस सरकार द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार वही गेहूं है, जिसके साथ आम लोग घुन की तरह पिस रहे हैं।



# रातू में राहुल दुबे गैंग से पुलिस की मुठभेड़ : दो अपराधियों को लगी गोली, चार हथियारबंद गिरफ्तार

बाइक से भागने की कोशिश कर रहे थे अपराधी पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रांची के रातू में शुक्रवार सुबह पुलिस की राहुल दुबे गैंग से मुठभेड़ हो गयी। दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो अपराधी घायल हुए हैं। वहीं, चार हथियारबंद अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने यह जानकारी दी।

**कोकड़े टांड़ के पास हुई मुठभेड़ः** मुठभेड़ रातू थाना क्षेत्र में पार्क इंबु रेस्टोरेंट के समीप रातू-ठाकुरगांव रोड पर कोकड़े टांड़ के पास शुक्रवार तड़के 3:30 बजे के करीब हुई। मुठभेड़ में घायल दोनों अपराधियों का इलाज रिम्स में कराया जा रहा है। घायल अपराधियों की पहचान भुरकुंडा के साजन अंसारी (पिता मुस्ताक अंसारी) और अमित कुमार (पिता दिनेश कुमार) के रूप में हुई है।

**आठ पिस्तौल और कारतूस हुए बरामदः** एक कार में हथियार के साथ कोकड़े पुल के पास पकड़े गये एक अपराधी का नाम अतीश दास है और दूसरे की पहचान नहीं हो पायी थी। पुलिस ने घटनास्थल से भारी संख्या में हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से आठ पिस्तौल के साथ कई कारतूस बरामद किये गये हैं।

**रांची एसएसपी को मिली थी गुप्त सूचनाः** रांची के एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के कुछ अपराधी खलारी इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इस सूचना पर अपराधियों को पकड़ने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम कोकड़े टांड़ के पास मुस्तैद थी। तभी बाइक पर सवार दो अपराधी तेजी से ठाकुरगांव की ओर आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

**पुलिस पर चलायी 25 गोलियांः** पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकल सवार दो बदमाशों ने पुलिस टीम पर 25 बार गोली चलायी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए दोनों को खदेड़ना शुरू कर दिया। वाबी कार्रवाई में दो अपराधियों के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

**बोलेरो कार से हथियार के साथ दो गिरफ्तारः** अपराधियों ने बताया कि कुछ साथी उनके इंतजार में आगे खड़े हैं। उनकी निशानदेही पर एक बोलेरो कार में हथियार के साथ दो अन्य अपराधी को भी पुलिस ने पकड़ा।



TPWODL
TP WESTERN ODISHA DISTRIBUTION LIMITED
(A Joint Venture of Tata Power and Government of Odisha)
Corporate Office : Burla, Dist.-Sambalpur (Odisha)-768017
NOTICE INVITING TENDER
Tender Notice No.TPWODL/SA/O/SU/2500001011
TP Western Odisha Distribution Limited, invites tender quotations (in 2part bidding) from eligible vendors for the following package :
PO for supply of 33KV Portable Cable Fault Locator with Pin Pointer Unit.
Interested bidders are to submit Tender Participation Fee and Authorization Letter through email on or before 18th Oct. 2025, 18:00Hrs, after which the link from e-Tender system shall be shared with them.
For detailed tender documents of the above-mentioned tender, please visit Tender section of www.tpwesternodisha.com. All details for participating in the tender is given in the tender document.
All future correspondence regarding the tender, bid submission, date extension etc. will take place with the participating bidders only through E-Tender system.
Sd/- Head-Contracts & Procurement

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99
भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.–24092025–266363
CG-DL-E-24092025-266363
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
सं. 4164] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 22, 2025/भाद्र 31, 1947
No. 4164] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 22, 2025/BHADRA 31, 1947
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 2025
का. आ. 4282 (अ). केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि) के गाँवों में अर्थात् मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत चियोंकी, जिला–पलामू राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।
कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।
ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् दलाओ, पलामू को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।
उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।
इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।
अनुसूची
झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) के गाँवों में अर्थात् मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत चियाँकी, जिला–पलामू, राज्य–झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण
जिला : पलामू
https ://egazette. gov.in
प्रकाशन तिथि: 22 सितम्बर 2025
https: //egazette.gov.in/(S(23wd4vz335aldr3dw1z2vmgk))/ViewPDF. aspx
[फा.सं.: NHAI/RO/RNC/JH/LA/3A)]
शेख अमीनखान, निदेशक

## बारियातु पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गये बुधन साव



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी के बारियातु पंचायत में पैक्स लिमिटेड की चुनाव प्रक्रिया बड़कागांव बीसीओ सह निर्वचन पदाधिकारी के उपस्थिती में की गयी। जिसमें बारियातु पंचायत के बुधन साव पिता धनु साव को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गये है। वहीं कार्यकारिणी में 10 सदस्यों का भी चयन किया गया। मौके पर बड़कागांव प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी भूपनाथ महतो ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक और आवेदक ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किये थे लेकिन आपसी और समाज के लोगों की सहमति बाद निर्विरोध जीत मिली है। निर्विरोध जीत पर का बुधन साव को लोगों ने बधाई दिया। नव निर्वाचित बुधन साव ने बताया कि जनता मुझे दुसरे बार निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष बनाया है, जनता की सेवा सच्चे मन और लगन से करता आया हूं और आगे भी करूंगा। मेरी पहली प्राथमिकता होगा गरीब किसानों के कृषि कार्य के लिए साधन-संसाधन उपलब्ध कराना और उनके फसलों का उचित मूल्य दिलाना। साथ साथ ही पैक्स के माध्यम से किसानों के समस्याओं के समाधान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर मौजूद पंचायत समिति सदस्य जागेश्वर कुमार, केरेडारी पैक्स अध्यक्ष। भोला साव और कराली पैक्स अध्यक्ष बबलु सिंह, बिकास साव, कृष्णा सिंह, अजीज मिया, बिनोद सिंह उपस्थित थे।

## शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कुशवाहा खेल मैदान शिवाडीह में कुशवाहा समाज शिवाडीह द्वारा आयोजित शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ और मुख्य अतिथि बड़गांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काट और एक मारकर किया। आयोजन समिति के द्वारा ढोल नगाड़े के साथ विधायक रोशन लाल चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दिये। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम आयोजन कमेटी को हम बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं कि ऐसे भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया। ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों को मनोबल ऊंचा होता है और शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबला शिवाडीह बनाम अंबा टोला के बीच खेला गया। जिसमें अंबा टोला ने शिवाडीह को 3-2 हरा दिया। मौके पर उपप्रमुख बच्चन देव कुमार, जिला पार्षद सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व मुखिया भीखन महतो, कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, पंसस उपेंद्र प्रसाद, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेश महतो, आजसू पार्टी अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम, भोला महतो, ग्राम अध्यक्ष खिरोधर कुमार, ग्राम सचिव वास्तव प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष मुकुल देव कुमार, खेल मंत्री टेकलाल प्रसाद, उप खेल मंत्री अरविंद कुमार, चुनाव प्रभारी डॉक्टर पवन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## आयुर्वेदिक हेल्थकेयर में केएम मेडिसिन का बढ़ रहा प्रभाव



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आज के समय में लोग प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार की ओर तेजी से लौट रहे हैं। ऐसे में महाराष्ट्र के युवा उद्यमी विकास मिश्रा, अपनी कंपनी केएम मेडिसिन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से आयुर्वेदिक हेल्थकेयर सेक्टर में एक नया आयाम जोड़ रहे हैं। कंपनी का प्रमुख उत्पाद कोहिनूर हर्बल पेन ऑयल देशभर में लोगों का भरोसा जीत रहा है। यह दर्द निवारण के लिए एक अनोखा आयुर्वेदिक मिश्रण है, जिसे पारंपरिक जड़ी-बूटियों और आधुनिक तकनीक के संतुलन से तैयार किया गया है। जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों का तनाव, पीठ दर्द और अन्य शारीरिक तकलीफों में यह तेल न सिर्फ तुरंत राहत देता है बल्कि लंबे समय तक असर बनाए रखता है। विकास मिश्रा का विजन सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका उद्देश्य हर घर तक सुरक्षित और असरदार आयुर्वेदिक समाधान पहुँचाना है। उनका मानना है कि अगर लोगों को सही और भरोसेमंद हर्बल विकल्प उपलब्ध हों, तो वे दर्द-मुक्त और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। कंपनी 2023 से लगातार नए-नए रिसर्च और इनोवेशन पर काम कर रही है ताकि भविष्य में और भी असरदार आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स बाजार में लाए जा सकें। उनकी रणनीति साफ है - गुणवत्ता, ईमानदारी और ग्राहक संतुष्टि पर कभी समझौता नहीं। आज केएम मेडिसिन प्राइवेट लिमिटेड न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे भारत में अपनी पकड़ बना रही है और आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर भी भारतीय आयुर्वेद को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। विकास मिश्रा झुमरीतिलैया के ही रहने वाले हैं। उन्होंने अब झुमरीतिलैया में भी अपनी कंपनी की शाखा खोली है और यहां से भी ग्राहकों को हर्बल दवाएं दी जा रही है।

## बरही में जल्द शुरू होगी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, डीएस ने दी जानकारी




**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में मरीजों के लिए बहुत जल्द सौगात मिलने जा रही है। लाखों रुपये के लागत से तैयार हुआ ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) भवन अब अपने संचालन की दहलीज पर खड़ा है। वर्षों की प्रतिक्षा के बाद आखिरकार स्वास्थ्य विभाग ने प्रक्रिया को गति दी है और अक्टूबर माह के अंत तक या उससे पहले इसके संचालन की संभावना प्रबल हो गयी है। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के शुरू होने से बरही व आस-पास की ग्रामीण इलाकों से आने वाले हजारों मरीजों की अब ना जी निजी पैथोलॉजी की दौड़ लगानी होगी और ना ही जांच के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ेगा। बीपीएचयू चालू होते ही ब्लड टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, सीबीसी, हीमोग्लोबिन, लिपिडप्रोफाइल, एमपी विडाल जैसी आवश्यक जांच सुविधाएं यही उपलब्ध होगी। इससे मरीजों का कीमती समय बचेगा और आर्थिक भार में भी उल्लेखनीय कमी आयेगी। बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के अनुसार भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब मशीनों का इंस्टॉलेशन तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति की तैयारियां चल रही है। जैसे ही मशीनें लगेगी, बीपीएचयू का संचालन प्रारंभ कर दिया जायेगा। उम्मीद है कि अक्टूबर के अंत तक या उससे पहले यह शुरू हो जायेगा।

# झारखंड में एडवाइजरी: पांच साल तक के बच्चों को कफ सिरप नहीं पिलायें

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड के स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने राज्य भर के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को बच्चों में कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी रिम्स के निदेशक, सभी पांचों मेडिकल कॉलेजों, इटकी आरोग्यशाला और एसएसएलएनटी अस्पताल धनबाद के अधीक्षकों और प्राचार्यों को भेजी गयी है। डॉ सान्याल ने कहा है कि आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप की चिकित्सकीय रूप से अनुशंसा नहीं की जाती है। एडवाइजरी के अनुसार दो साल से कम उम्र के बच्चों में सर्दी-खांसी आमतौर पर अपने आप ठीक हो जाती है और इसके लिए चिकित्सकीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। डॉ सान्याल ने कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार डॉक्टरों को ऐसे बच्चों को कफ सिरप न लिखने की सलाह दी जाती है। डॉ सान्याल ने डॉक्टरों और चिकित्सा संस्थानों को बच्चों का अत्यधिक सावधानी से इलाज करने और एक साथ कई दवाएं लिखने से बचने की सलाह दी। उन्होंने माता-पिता को बच्चों की उचित देखभाल और छोटे बच्चों में कफ सिरप के अनावश्यक उपयोग के बारे में शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियान शुरू करने का भी आग्रह किया।

# तीन हजार रुपये घूस लेते राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग/दारू।** एसीबी टीम ने शुक्रवार को भ्रस्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दारू अंचल के राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम को तीन हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आवेदक हिरामन प्रजापति (ग्राम मेढकुरी कला, थाना दारू) ने एसीबी हजारीबाग में शिकायत दर्ज कराई थी कि राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम ने उनकी पत्नी दुर्गा देवी के नाम से दाखिल-खारिज आवेदन (मुकदमा सं. 251R27/2025-25) को निपटाने के लिए 10 हजार रुपये घूस की मांग की थी। आवेदक रिश्वत देने को तैयार नहीं थे और उन्होंने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से की। एसीबी टीम ने शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें ज्ञानी राम द्वारा प्रथम किस्त के रूप में 3 हजार रुपये मांगना सत्य पाया गया। इसके बाद शुक्रवार को एसीबी की टीम ने दारू अंचल में छापेमारी कर ज्ञानी राम को वादी से 3 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने कांड सं. 12/2025 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञानी राम सदर अंचल से एक सेवानिवृत कर्मी है और फिलहाल अनुबंध पर दारु अंचल मे कार्यरत है। दारु अंचल में एलपीसी, दाखिल खारिज, मालगुजारी रसीद आदि कार्य करने मे रिस्वत लेने कि शिकायत आये दिन मिलते रहती है। जनता इनकी कार्यशैली से नाराज और परेशान होकर एसीबी के पास शिकायत करते है, जिसके बाद कर्मी इनके हथे चढ़ जाते है। दारु अंचल मे इस तरह कि तीसरी कार्रवाई है। इससे पूर्व एक राजस्व कर्मचारी और एक बड़ा बाबू निगरानी के शिकार हो चुके है

# ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगिता में मारी बाजी

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता से विद्यालय और कोडरमा जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में रास्पबेरी पाई फाउंडेशन, यूनाइटेड किंगडम द्वारा आयोजित कूलस्ट प्रोजेक्ट्स इंडिया नामक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वालों को फेवरेट्स ऑफ जजेज के रूप में चयन किया गया। इसमें कक्षा 12 की छात्रा पूनम कुमारी ने हार्डवेयर श्रेणी में अपनी जगह सुनिश्चित की। जबकि विद्यालय की एक अन्य टीम सतर्कः द ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम ने अपनी अभिनव प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। इस टीम में मास्टर प्रिंस कुमार बर्णवाल, मास्टर तृजल राज, मास्टर शौर्य गुप्ता और मिस श्रुति कुमारी शामिल थे। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपनी परियोजना प्रस्तुत की और पूनम के समकक्ष अंक प्राप्त किये। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश गुप्ता ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, परिश्रम और नवाचार के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह सफर यहीं नहीं रुकेगा और ग्रिजलियन्स जल्द ही नवाचार के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की सफलता हमारे संस्थान की गुणवत्ता, मार्गदर्शन और प्रेरणादायी शिक्षण प्रणाली का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पूनम और सतर्क टीम ने यह सिद्ध किया है कि जुनून और लगन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने पूरे ग्रिजली परिवार को इस गौरवशाली क्षण पर हार्दिक बधाई दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपिसमे और अविनाश सेठ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश गुप्ता, मुख्य परिचालन अधिकारी तनीष्क सेठ, प्रधानाचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजकगण विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, शिल्पी भदानी और प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार और सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह ने सभी विजेता छात्रों, उनके अभिभावकों और उनके मेंटर कुणाल अंबष्ठा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नाबालिग लड़के ने की आत्महत्या

**पदमा (आजाद सिपाही)। पदमा पंचायत स्थित किला के समीप अवकाश प्राप्त शिक्षक के इकलौते पुत्र तन्मय कुमार ने गुरुवार की रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संदर्भ में परिवार वालों ने बताया कि रात में किसी लड़की ने फोन कर बताया कि तन्मय फोन नहीं उठा रहा है। इस पर जब परिवार वाले उसके कमरे में गये तो देखा कि तन्मय फंदे से झूल रहा है। आनन फानन में लोगों ने उसे फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस संदर्भ में लोगों ने बताया कि तन्मय का किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था और पिछले वर्ष वे अपने अपने घरों से कहीं भाग भी गये थे। इसके बाद पदमा थाना परिसर में दोनों परिवार वालों की उपस्थिति में बांड किया गया कि बालिग हो जाने पर दोनों की शादी करा दी जायेगी। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। इधर उसकी मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। खबर मिलने पर पदमा थाना पुलिस पहुंची और शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए शव को हजारीबाग भेज दिया। शाम लगभग दो बजे पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर केवटा नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक दो बहन और एकमात्र भाई था।**

# आजाद सिपाही की अपील: इस दिवाली मिट्टी के दिये जलायें

### चाइनीज लाइट के आगे फीके पड़ रहे मिट्टी के दिये, कुम्हारों के चेहरे पर छाई मायूसी

### 'दीये की लौ' हुई कम, मिट्टी के दिए खरीदने वाले ग्राहक हुए कम

दीपक सिंह



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा की समाप्ति के साथ ही दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। घरों की सफाई, रंग-रोगन, नयी खरीददारी और सजावट से पूरा हजारीबाग जगमगाने लगा है। बाजारों में रौनक लौट आयी है, लेकिन इस रौनक के बीच मिट्टी की खुशबू और कुम्हारों की उम्मीद कहीं खोती सी दिखायी दे रही है। हर बार की तरह इस बार भी बाजारों में चाइनीज झालरों और इलेक्ट्रॉनिक लाइटों की चकाचौंध इतनी बढ़ गयी है कि मिट्टी के दीयों की टिमटिमाहट अब फीकी लगने लगी है। जहां पहले हर घर की चौखट पर सैकड़ों दीये एक साथ जल उठते थे, अब वहां बिजली की झालरों की तेज रोशनी ने उनकी जगह ले ली है। मिट्टी के दीयों का उपयोग अब केवल पूजन तक सीमित रह गया है। इन हालातों ने मिट्टी के कारीगरों के जीवन में अंधेरा फैला दिया है। कभी दीपावली से पहले कुम्हारटोली में दिन-रात चाक घूमती रहती थी अब वहां दिन में कुछ घंटे ही चाक घूमती है। हजारीबाग के कुम्हारटोली निवासी अशोक प्रजापति पिछले 45 वर्षों से मिट्टी के दीये बनाकर अपनी आजीविका चलाते हैं, बताते हैं कि इस बार उन्होंने लगभग 50 से 70 हजार दीये बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन लगातार बारिश ने मिट्टी सुखाने में मुश्किलें खड़ी कर दीं। पहले मेरे दादा और पिता यह काम करते थे,अब मैं इसे आगे बढ़ा रहा हूं। दीपावली का महीना पहले हमारे लिए खुशियों का त्योहार होता था, पर अब हालात ऐसे हैं कि लोगों की रुचि झालरों की ओर बढ़ गयी है। श्री प्रजापति बताते हैं कि चाइनीज लाइटों ने उनके धंधे की रौनक छीन ली है पहले जहां लोग सौ दीये खरीदते थे, अब मुश्किल से 11 लेते हैं। मिट्टी के दीयों की परंपरा भले ही कमजोर पड़ रही हो, लेकिन यह पूरी तरह बुझी नहीं है। हर दिया हमारे लिए सिर्फ मिट्टी का नहीं, उम्मीद का प्रतीक है। अशोक प्रजापति ने शहरवासियों से भावनात्मक अपील की हम कुम्हार लोग पूरे वर्ष इसी एक मौसम का इंतजार करते हैं। बारिशों ने इस बार हमारी कमर तोड़ दी, पर अब समय है कि आप सब हमारा सहारा बनें। कृपया मिट्टी से बने दीये, मूर्तियां और अन्य सामग्री खरीदें ताकि हम अपने परिवारों को बेहतर ढंग से चला सकें।

## चौपारण चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक वाहन से बरामद हुए 16.50 लाख रुपये



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए चौपारण जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को लगभग चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाहा चेक पोस्ट पर एक संयुक्त छापामार दल द्वारा वाहन चेकिंग की गयी। इस दौरान इरटिगा वाहन संख्या जे एच 02बी वी-0702 को रोककर जांच की गयी। वाहन की जांच के दौरान वाहन में सवार एक व्यक्ति आकृति कनौजिया, पता- दक्षिण दिल्ली (मोबाइल नंबर- 8505824474) के पास रखे एक सूटकेस से 16,50,000- (सोलह लाख पचास हजार रुपये) बरामद हुई। श्री कनौजिया के पास इस नकद राशि के संबंध में कोई संतोषजनक दस्तावेज या औचित्य का प्रमाण नहीं था। छापामारी दल के द्वारा बरामद नकद राशि को जब्त कर लिया गया।

## अतिक्रमण के नाम पर ठेला खोमचा दुकानदारों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं: झामुमो



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झामुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे के नेतृत्व में शुक्रवार को झुमरीतिलैया शहर के फुटपाथ दुकानदारों पटरी पर ठेला लगा कर गुजर बसर करने वालों की समस्या को लेकर नगर प्रशासक से विस्तार पूर्वक वार्ता की गयी। फुटपाथ दुकानदारों ने अपनी समस्याओं को बारी-बारी से रखा और नगर प्रशासक से अपील किया की त्योहार को देखते हुए फुटपाथ पर और ठेला लगाकर गुजारा करने वालों को छठ त्योहार तक परेशान ना किया जाये। दूसरी तरफ नगर प्रशासक के कड़े रुख को देखते हुए जिलाध्यक्ष ने फुटपाथ दुकानदारों के समर्थन में मुख्यमंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने की है। सरकार किसी को भी भूखे नहीं रहने देगी और ना ही रोजगार विहीन होने देगी। फुटपाथ दुकानदारों को वैसी जगह उपलब्ध कराई जाये, जहां ग्राहक आसानी से पहुंच सके। दुकानदारों का माल भी बिक सके। अन्यथा गरीब भूखे मरने के लिए मजबूर हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जानकारी दी जायेगी। जिले में बेरोजगारी बड़ी समस्या है। सरकार की चिंता को जिलाध्यक्ष ने नगर प्रशासक को अवगत कराया। मौके पर जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा, झुमरी तलैया नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में फुटपाथ दुकानदार उपस्थित थे।

## 'घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी' अभियान को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आत्मनिर्भर भारत - स्वदेशी अपनाओ, देश को आत्मनिर्भर बनाओ अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा जिला इकाई की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने की। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों के साथ अढ़ाई माह दिसंबर तक के कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। श्री जोशी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता रथ यात्रा निकालकर गांव-गांव और घर-घर पहुंचें, ताकि स्वदेशी के प्रति जन जागरूकता फैलाई जा सके। 15 नवंबर से 30 नवंबर तक मंडल में कार्यशाला कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें और एक दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक घर घर जाकर स्वदेशी जागरण का स्टिकर लगायें और पर्ची बांटे। जीएसटी कम होने से जनता को मिलने वाले के लाभ बतायें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्वदेशी के स्टीकर और पर्चे घर-घर वितरित किये जायेंगे, जिससे लोगों में घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी का संदेश पहुंचे और देश को आत्मनिर्भर बनाने में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और अपनी बात रखी। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुधीर सेठ, अजय पांडेय, सुनील पंडित, मुकेश राम, महेश वर्मा, सुरेंद्र यादव, द्वारिका राणा, विजय राणा, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नगर कांग्रेस ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग नगर कांग्रेस की ओर से मंडई कला वार्ड नंबर एक और दो में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष परवेज अहमद ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव व झारखंड सह प्रभारी सिरिवेला प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार से हमारे प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तमाम तथ्यों और सबूतों के साथ वोट चोरी का उजागर किया है, अब आवश्यकता है कि इन तथ्यों को हम जन-जन तक पहुंचाए ताकि लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। उन्होंने पत्रकारों के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के नियुक्ति पर सवाल पुछे जाने पर जवाब देते हुए कहा कि एआइसीसी के द्वारा बनाये गये जिला के सभी अध्यक्ष सर्वमान्य हैं, यदि कोई इसका विरोध करता है तो उस पर शीर्ष नेतृत्व द्वारा आनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिला के प्रभारी सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या का प्रयास विभिन्न माध्यमों से कर रही है और चुनाव आयोग भी सरकार की कटपुतली बन गया है। वोट चोरी को रोकना और देश को टुटने से बचाना हम सभी कांग्रेसियों का कर्तव्य है। जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल व सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी सह नगर निगम पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह, नगर पर्यवेक्षक दिगम्बर मेहता, ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणू कुमारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव जावेद इकबाल, जबकी धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी ने किया। मौके पर जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, स्थानीय वार्ड पार्षद राजा बाबु, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, कोमल कुमारी, अनिल कुमार उपाध्याय, सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, रविन्द्र प्रताप सिंह के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




रजरप्पा (आजाद सिपाही)। विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत आज सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), रजरप्पा क्षेत्र में सीसीएल कर्मियों के आश्रित बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था — स्वच्छता ही सेवा, जिसके माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को अपने चित्रों में सुंदरता से प्रदर्शित किया। आयोजित प्रतियोगिता में कुल 35 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंगों के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी या संस्थागत अभियान नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्रतिभागियों के चित्रों में स्वच्छ सड़कें हरित वातावरण, कूड़ा प्रबंधन और सामूहिक जनभागीदारी जैसे विचार देखने को मिले, जो स्वच्छ भारत मिशन की भावना को अभिव्यक्त करते हैं। सीसीएल द्वारा विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं, स्क्रैप डिस्पोजल, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्पेस मैनेजमेंट, ई-वेस्ट की पहचान और निपटान, स्वच्छता संवर्धन और कार्यस्थलों को अधिक सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाना। रजरप्पा क्षेत्र में इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता,स्वच्छता अभियान और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को 31 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले समापन समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

## झारखंड आंदोलनकारी समन्वय समिति की बैठक



गोला (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी समन्वय समिति की बैठक डाक बंगला के गट्स कार्यालय परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती ने और संचालन भोला मांझी ने किया। इस दौरान झारखंड अलग राज्य निर्माण के महान पुरोधा आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देकर सम्मानित करने की मांग की गयी। आंदोलनकारी साथियों ने विचार विमर्श करते हुए कहा कि जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और झारखंड के राज्यपाल और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा जायेगा। साथ ही गोला डीसीबी चौक का नामकरण दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन के नाम से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से आदित्य कुमार महतो, राजाराम महतो, देवकी प्रसाद, भोलाराम रविदास,अमूल्य उपाध्याय, भीम मांझी, लक्ष्मण बेदिया, विश्वजीत कुमार, चैता महतो, धनीराम महतो, कांनु बेदिया, रोहन महतो, लालू महतो, महेश राम बेदिया, रमेश बेदिया, मटन महतो, पर्वत राम रविदास, जगमोहन रविदास, भोला रविदास, दिलीप मुंडा, धनेश्वर मांझी, मनोज मांझी, चुरामन महतो, मटुक लाल महतो, पंचम महतो, विशेश्वर महतो, कपिल महतो, सीता देवी सागो देवी, सुशीला देवी नुनी बाला देवी, सुमित्रा देवी, विस्मभर गोसाईं, रेखा देवी, सोमरी देवी, मंगल नायक आदि थे।

## शराब कारोबारी ने युवक से की मारपीट, मामला दर्ज

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत सयाल रेलवे साइडिंग टिपला वर्षों से अवैध शराब निर्माण और नशे के कारोबार का केंद्र बना हुआ है। नशे के सौदागरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि आम लोगों को प्रताड़ित करने और मारपीट करने से भी नहीं झिझक रहे हैं। ताजा मामला गुरुवार की रात भुरकुंडा ओपी पहुंचा। जहां पीड़ित दशरथ कुमार पासवान (38 वर्ष) पिता आतेश्वर पासवान निवासी टिपला रेलवे साइडिंग ने मारपीट के संबंध में पुलिस को आवेदन दिया। आवेदन में पीड़ित ने पुलिस को बताया कि स्थानीय अवैध शराब कारोबारी विक्की मेहता पिता राजू मेहता गुरुवार की शाम उसके घर के पास किसी अन्य युवक से बहसबाजी कर रहा था। इस दौरान जोर-जोर से चिल्लाने के साथ अश्लील शब्दों का भी प्रयोग कर रहा था। घर से बाहर निकल दशरथ ने उन्हें शोर न करने के लिए समझाया। जिसपर विक्की मेहता ने जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। मामले को लेकर पीड़ित दशरथ कुमार पासवान ने बताया कि रात में भुरकुंडा ओपी जाने के बाद आवेदन दिया। वहीं विक्की मेहता और उसका साथी नीतीश मेहता ओपी पहुंच गये और काउंटर केस कर मामले को उलझाने की बात कही। आवेदन का रिसिविंग नहीं दिए जाने पर वह घर लौट गया। दशरथ ने बताया कि पिटाई करने के बाद पैसे और पुलिस से सांठगांठ कर काउंटर केस करने की धमकी दी गयी। आरोपित के साथ ओपी पहुंचे एक अन्य अवैध शराब कारोबारी ने पुलिस से जान पहचान का धौंस दिखाते हुए बर्बाद करने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने बताया कि उक्त आरोपी युवक ने कल ही एक राशन दुकान वाले से भी झड़प किया था। इनसे क्षेत्र के लोग भी दहशत में रहते हैं। बताते चलें कि रेलवे साइडिंग टिपला तीन दशकों से अवैध महुआ शराब निर्माण का केंद्र बना हुआ है। यहां तकरीबन 15-16 देशी शराब के भट्टे संचालित होते आ रहे हैं और लाखों रुपये का हर माह कारोबार हो रहा है। कई घरों में अवैध शराब खुले तौर पर बिकता है। स्थानीय लोगों की मानें तो कमाई का एक बड़ा हिस्सा अधिकारियों को हर माह चढ़ावे के रूप में चढ़ता है। जिससे कारोबारी बेखौफ हैं। यहां से पूरे भुरकुंडा कोयलांचल में बाइक और साइकिल पर बेखड़क अवैध शराब की तस्करी होती है। यह बात पूरे कोयलांचल के लोग भलिभाति जानते हैं। वहीं कई कारोबारी अवैध शराब बनाने के अलावे नशे के अन्य कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। पूर्व में यहां गाहे-बगाहे शराब की भट्ठियां तोड़ी जाती थी, इधर आबकारी विभाग और पुलिस की शिथिलता से साफ है कि भ्रष्टाचार के गंदगी में नशे का कारोबार संरक्षित तौर पर फल-फूल रहा है।

## व्यापारियों की सुरक्षा के लिए एसपी से मिला चेंबर का प्रतिनिधि मंडल



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले में व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज काफी संवेदनशील है। विगत कुछ दिनों में जेवर दुकानदारों पर हुए हमले दुकानों में हुई चोरी और व्यापारियों को मिल रही धमकी के मद्देनजर रामगढ़ चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार के शाम एसपी अजय कुमार से मिला। चैंबर अध्यक्ष मंजीत साहनी ने एसपी से मिलकर रामगढ़ जिले में त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था, जाम की स्थिति, ज्वैलरी दुकानों पर गश्त बढ़ाने की मांग की। उन्होंने बताया कि व्यापारियों की सुरक्षा पर 13 अक्टूबर को डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ भी उनकी वर्चुअल बैठक होगी। एसपी ने रामगढ़ डीएसपी परमेश्वर प्रसाद एवं रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय को उपरोक्त विषय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही चैंबर के साथ एक संयुक्त समिति बनाकर शहर की समस्याओं का समाधान किए जाने पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रांतीय उपाध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल, मानद सचिव मानु चतुर्वेदी, सह-सचिव इन्द्रपाल सिंह सैनी शामिल थे।

# तीन अलग-अलग हादसों में एक की मौत, पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चूटूपालू घाटी में गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत हो गयी। जबकि पांच लोग घायल हो गये, जिनका इलाज सदर अस्पताल में किया गया। घटना के बाद घंटों तक यातायात बाधित हो गयी। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया, वहीं, घायलों को सदर अस्पताल भेज दी।

**एक ही रात में चूटूपालू घाटी में तीन सड़क दुर्घटना :** जानकारी के अनुसार पहली घटना रांची से रामगढ़ की ओर आ रही एलपी ट्रक संख्या जेएच 02आरपी 8349 गढ़के मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस घटना में चालक और खलासी बाल-बाल बच गये। वही, दूसरी घटना रात करीब 12:00 बजे रांची से रामगढ़ की ओर आ रही हाइवे ट्रक संख्या जेएच 02बीआर 9841 ने एक टेंपो संख्या जेएच 02 एजी 1622 को पीछे से जोरदार धक्का मारते हुए एक अन्य गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि टेंपो पर सवार रामगढ़ के गौशाला रोड जारा टोला निवासी करीब 41 वर्षीय दिनेश साहू पिता प्रभु की मौके पर ही मौत हो गयी। तीसरी घटना शुक्रवार की सुबह करीब 7:00 बजे रांची से रामगढ़ की ओर आ रही मालवाहक ट्रेलर संख्या एनएल 01एइ 4371 का ब्रेक फेल हो गया और गढ़के मोड़ के पास चट्टान से टकरा दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस घटना में भी चालक और खलासी मामूली रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का सदस्य अस्पताल में इलाज किया गया।

### यात्रियों से भरी बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

रामगढ़। रामगढ़-बोकारो मुख्यमार्ग अंतर्गत जिला समाहरणालय के निकट शुक्रवार की सुबह बड़की नदी के पास यात्रियों से भरी बस दुर्घटना का शिकार होते-होते बाल बाल बच गयी। जानकारी के अनुसार बोकारो से हजारीबाग जा रही हेमकुंड नमक बस संख्या जेएच 02एएल 0478 का अचानक अगला टायर का एक्सल टूट गया। जिससे चालक मधु सुदन साव ने बस से अनियंत्रित खो दी। हालांकि उन्होंने ने अपनी सूझबूझ से सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया। घटना के बाद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बस पर सवाल सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर दूसरे बस में उन्हें भेज दिया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त को हटवाया।

# माता वैष्णो देवी मंदिर में करवा चौथ व्रत कथा का आयोजन

**301 सुहागिन महिलाओं ने की अखंड सुहाग की प्रार्थना**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। हाथों में मेहंदी व पांवों में महावर रचाये रामगढ़ की सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की दीर्घायु और अच्छे जीवन की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में शुक्रवार की संध्या समय व्रत रखने वाली रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों की 301 सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने व्रतधारी महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में मां करवा की कथा सुनाने का विशेष प्रबंध किया था। कथा में पंजाबी समुदाय के अलावे अन्य समाज की सुहागिन महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और मां करवा की पूजा अर्चना कर कथा सुनी। करवा चौथ की कथा माता वैष्णों देवी मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने परंपरागत ढंग से सुहागिन महिलाओं को सुनाई।

### लाल परिधानों में सोलह श्रृंगार कर पहुंची महिलाएं

हाथों में पूजा की थाली लिए पहुंची सुहागिन महिलाओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। लाल परिधानों में सोलह श्रृंगार कर आयी सुहागिन महिलाओं ने पूजा के बाद पंजाबी हिन्दू बिरादरी के बुजुर्ग पदाधिकारियों व सदस्यों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं बिरादरी ने सभी व्रती महिलाओं और कथा सुनने आई अन्य महिलाओं को माता वैष्णों देवी के आशीर्वाद के रूप में एक-एक चुनरी भेंट दी गयी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, अश्वनी शर्मा आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## कोल इंडिया के खिलाफ कोयला व्यापारियों ने लगाये नारे, बैठक आज



कुजू (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा ई-ऑक्शन कोयला बिक्री के लिए लागू नई सैंपलिंग व बैंक गारंटी नियम के खिलाफ शुक्रवार को कोयला व्यापारियों ने ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू में आक्रोश प्रदर्शन कर जमकर विरोधी नारे लगाये। साथ ही, सीआइएल द्वारा लागू किए नीति को हर हाल में निरस्त करने की जोरदार मांग की। इधर, 10 अक्टूबर को कोलकाता में सीआइएल और झारखंड कोल ट्रेडर्स ट्रस्ट के संग होने वाली वार्ता नहीं हो सकी है। यह वार्ता आगामी 11 अक्टूबर को होगा। कोयला व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि वार्ता के दौरान लागू नियम वापस नहीं होने की स्थिति पर उग्र आंदोलन किया जायेगा। वहीं, कोयला डीओ धारकों द्वारा क्षेत्र के कोलियरियों से रोड सेल का कोयला उठाव का काम बंद कर दिया गया है। जिसके कारण ट्रक मालिकों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं, रोड सेल के काम में लगे लोग बेरोजगार हो चुके हैं। कोयला व्यापारियों ने बताया कि नई नीति के तहत काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रबंधक को बिडिंग से पहले सैंपलिंग कर लेना चाहिए और बिडिंग होने से पूर्व में ही यह नियम लागू करना चाहिए था। इधर, सीसीएल और बीसीसीएल के अन्य क्षेत्रों में भी कोयला उठाव बंद होने की सूचना है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में कोयला व्यापारी राजेश्वर प्रसाद, मनोज सिंह, विजय साहू, राजेश प्रसाद, सुधान सिंह, राजेश साहू, लखन प्रसाद, चंदन केसरी, रितेश केसरी, बबलू प्रसाद, मनीष सिंह, सोनू गुप्ता, कैलाश महतो, श्रवण सिंह, लखन प्रसाद, आनंद पांडेय, मिंटू केसरी, डब्लू खान, मनीष सिंह, सहदेव मंडल आदि शामिल रहे।

# डीसी ने पंचायत स्तरीय शिविर का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभुकों को जोड़ने की दिशा में चल रहे शिविरों के प्रभावी संचालन की समीक्षा को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त कीर्तिश्री आज सदर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय देवरिया में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस शिविर के माध्यम से कृषि सहित अनुषंगी विभागों की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म प्रमाण पत्र निर्गमन और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित ऑनलाईन आवेदन सृजन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर शिविर में उपलब्ध सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभुक को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी और समयबद्ध सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाये। उन्होंने शिविर की व्यवस्था, पंजीकरण की प्रक्रिया, तकनीकी सहयोग और कर्मियों की तैनाती की भी गहन समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि शिविरों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ज्ञात हो कि वार्ड और पंचायत स्तरीय इन शिविरों का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र में 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक और सभी प्रखंडों में 6 से 18 अक्टूबर 2025 तक रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। शिविरों की प्रभावशीलता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त प्रतिदिन संध्या 7 बजे संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ प्राप्त और निष्पादित आवेदनों की समीक्षा स्वयं करती हैं, ताकि किसी भी आवेदन के निष्पादन में विलंब न हो और लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और अधिकारियों को शिविर की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिया।

## मोर्चा ने भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने को ले सीओ को सौंपा ज्ञापन



पतरातू (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड की ओर से शुक्रवार को भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने के मांग को लेकर सीओ मनोज चौरसिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार, नरेश नायक, किशोर नायक, मधु बावड़ी, राजेंद्र नायक, नकुल प्रसाद, राहुल सिंह, सोमरा मुंडा, रामचंद्र राम, श्याम महतो आदि मौजूद थे।

## तोपा लोकल सेल समिति ने की बैठक

कुजू (आजाद सिपाही)। तोपा कोलियरी के लोकल रोड़ सेल समिति ने कोल इंडिया की नयी नीति का विरोध कर निरस्त करने की जोरदार मांग की है। इस मामले को लेकर सेल समिति के सदस्यों ने रेस्ट हाउस में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राजेश्वर गंझु ने की। सेल समिति ने कहा कि सीआइएल के नए नियम से रोड़ सेल से कोयला उठाव नहीं हो रहा है। बैठक में सदस्य रामभजन लाल महतो, मो इलियास, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, अहमद अली, गिरधारी लाल बेसरा, युनुस परवेज, गोपेश्वर करमाली मौजूद रहे।

# नशामुक्त समाज की दिशा में चतरा प्रशासन का सशक्त कदम

# अफीम की खेती के खिलाफ चल रहा 'पूर्व खेती अभियान'

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। जिले को नशामुक्त बनाने और अवैध अफीम की खेती पर रोक लगाने के उद्देश्य से चतरा जिला प्रशासन द्वारा 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पूर्व खेती अभियान चलाया जा रहा है। यह विशेष अभियान उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देशन में और जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद के आदेशानुसार संचालित हो रहा है। अभियान का उद्देश्य अफीम की अवैध खेती करने वाले क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करना है ताकि आने वाले फसली वर्ष में ऐसी खेती पूरी तरह रोकी जा सके। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (NDPS Act) और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि अफीम की खेती न केवल गंभीर अपराध है, बल्कि यह समाज की सेहत और सामाजिक ढांचे को भी बुरी तरह प्रभावित करती है। इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, गीत-नाट्य, पंपलेट, बैनर और जन संवाद के माध्यम से संदेश फैलाया जा रहा है। 8 अक्टूबर से कुन्दा, गिद्धौर और कान्हाचट्टी प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक की शुरुआत हुई। ककहिया, कुसुम्हा, सरजामातु, लपूगढ़ा, मंझगावा, सलगा, पहरा, बारीयातु, पथेल, केन्दुआ सहोर, डुमरिया और कोटाप जैसे गांवों में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। 9 अक्टूबर से प्रतापपुर प्रखंड में भी अभियान शुरू हुआ, जहां योगिडीह पंचायत के महकमपुर और योगिडीह गांवों में लोगों को वैकल्पिक खेती के विकल्पों की जानकारी दी गयी। इसी तरह लावालौंग प्रखंड में सिलदाग पंचायत से शुरुआत कर मंधनिया, कोलकोले और रिमी पंचायतों में कार्यक्रम जारी हैं। इस अभियान को सफल बनाने में प्रतिबिंब सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था (चतरा), जन चेतना सांस्कृतिक मंच (प्रतापपुर), सेवा कठपुतली नाट्य ग्रुप (कान्हाचट्टी), लोक सेवा कला संगम (प्रतापपुर)और ज्ञान ज्योति सांस्कृतिक मंच (कान्हाचट्टी) जैसी संस्थाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इनके माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया जा रहा है कि अवैध खेती से अल्पकालिक लाभ तो मिलता है, लेकिन इसके परिणाम विनाशकारी होते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अफीम की अवैध खेती पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि समाज को नशे की बुराई से मुक्त कर स्वस्थ वातावरण बनाना है। ग्रामीणों में बढ़ती जागरूकता यह संकेत दे रही है कि चतरा जल्द ही नशामुक्त जिले के रूप में अपनी पहचान बनायेगा।

## सड़क हादसे में बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। गोला थाना क्षेत्र के बड़की कोइया गांव में शुक्रवार को सड़क हादसे में एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक बच्ची की पहचान साक्षी कुमारी 7 वर्ष के रूप में की गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार साक्षी कुमारी सड़क के किनारे खेल रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे कारण बच्ची का घटना स्थल में ही मौत हो गयी। बताया गया कि बच्ची कोइया अपने नानी घर में आई थी। बाइक चालक भी इसी गांव का बताया गया है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की मां रो रो कर बेहोश हो रही है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए नीचे उल्लेखित निविदा सं. के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, खुलने की नियत तारीख **30.10.2025 को 15.00 बजे।** इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, बयाना राशि: (1) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-69, दिनांक 08.10.2025;** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/सिग/चक्रधरपुर के अधीन सिग्नलिंग गीयरों के रखरखाव तथा विशेष कार्यों के लिए दो वर्षों हेतु अनुबंध पर कर्मचारी किराए पर लेना; रु. 1,34,29,080; रु. 2,17,200। **(2) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-70, दिनांक 08.10.2025;** 11 स्टेशनों के आरपीएफ पोस्ट तथा 3 स्टेशनों के आरपीएफ आउट पोस्ट में नेटवर्किंग के बगैर सीसीटीवी कैमरों के प्रावधान के लिए शेष बचा हुआ कार्य; रु. 13,49,781.24; रु. 27,000। **समापन अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 24 (चौबीस) महीने तथा क्रमांक 2 के लिए 03 (तीन) महीने। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर भी देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक रूप से होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **(PR-704)**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**क्र.सं. : 1, ई-निविदा सं. : 201-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व.मं.अभि./2/धनबाद के अधीन मंडल में हजारीबाग रोड गुड्स शेड पर गुड्स शेड का सुधार एवं प्रदूषण नियंत्रण उपायों का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 4,39,61,686.78**

**क्र.सं. : 2, ई-निविदा सं. : 202-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल में बेरमो, बरकाकाना (एलटीबीके एवं ओएसबीके) तथा पतरातु गुड्स शेड पर गुड्स शेड का सुधार एवं पीसी उपायों का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 32,61,77,266.12**

**क्र.सं. : 3, ई-निविदा सं. : 203-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल में पिपराडीह एवं न्यू गिरिडीह गुड्स शेड पर गुड्स शेड का सुधार एवं प्रदूषण नियंत्रण उपायों का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 5,30,11,751.54**

**क्र.सं. : 4, ई-निविदा सं. : 204-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं.अभि./1/धनबाद के अधीन धनबाद में 10बटालियन/आरपीएसएफ/धनबाद के लिए 150 बिस्तर क्षमता के साथ बहु मंजिला बैरक के निर्माण का अवशेष भाग। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 1,01,69,658.92**

**क्र.सं. : 5, ई-निविदा सं. : 205-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं.अभि.(2)/धनबाद के अधीन सी एण्ड डब्ल्यु माइनर डिपो कुसुंडा और कतरासगढ़ में बुनियादी सुविधाओं का सुधार। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 2,23,61,527.44**

**क्र.सं. : 6, ई-निविदा सं. : 206-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं.अभि.-1/गोमो के अधीन गोमो के जल भंडारण को सुधारने के लिए चोरापट्टी रिजर्वियर का डिसिल्टिंग। **06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 54,93,676.00**

**क्र.सं. : 7, ई-निविदा सं. : 207-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** रजहरा (RHR) में नये वार्फ, शेड, सुविधाओं, सड़क संयोजन, रेलवे कर्मचारियों के लिए कार्यालय, रोशनी की व्यवस्था का निर्माण तथा धनबाद मंडल में टीपीएसटी (TORI), बीराटोली, कुसमाही एवं डाल्टनगंज गुड्स शेड पर गुड्स शेड का सुधार एवं पीसी उपायों का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 34,15,55,587.79**

**क्र.सं. : 8, ई-निविदा सं. : 208-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल- व.मं.अभि./3/धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि./बरकाकाना के अधीन सेस मरम्मत 1.55 टीकिमी (3 मीटर ऊँचाई)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 39,58,536.07**

**क्र.सं. : 9, ई-निविदा सं. : 209-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल- व.मं.अभि./3/धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि./2/गोमो और सहा.मं.अभि./बरकाकाना के अधीन टीबीएसआर (एच-बीम)-810 नं.। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 2,73,87,539.95**

**क्र.सं. : 10, ई-निविदा सं. : 210-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं.अभि.(2)/धनबाद के अधीन वाशिंग पिट सं. 03 एवं 04 का अपग्रेडेशन/विकास और कोचिंग डिपो धनबाद में व्हील लेथ लाईन का ट्रैक लिंकिंग। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) : 2,05,89,570.20**

**क्र.सं. : 11, ई-निविदा सं. : 211-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल में कटकमसांडी, हजारीबाग टाउन, चरही और बेस गुड्स शेड पर गुड्स शेड का सुधार एवं पीसी उपायों का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में): 32,63,34,071.62**

**ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 30.10.2025 को 12:00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 30.10.2025 को 12:30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/1119/डीएचएन/इंजी०/टी/25-26/112

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र सं.:5006 दिनांक: 10/10/2025 के अनुसार मैं, अमित कुमार गिरी पिता स्व. कृष्णा बहादुर गिरी, उम्र लगभग 39 वर्ष, निवासी ग्राम-कृष्णा नगर नोर्थ शिवपुरी, पो.- पेलावल, थाना-पेलावल, जिला-हजारीबाग, झारखंड, का निवासी हूं, मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं भारतीय सेना में सिपाही के पद पर कार्यरत था, एवं मेरा सेवानिवृति 31 अगस्त 2020ई. में हो गई है।
2. यह कि मेरे सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी पत्नी GUNJAN GIRI अंकित है।
3. यह कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड संख्या 4288 0241 8730 एवं मेरी पत्नी के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में उसका नाम GUNJAN KUMARI अंकित है।
4. यह कि GUNJAN GIRI वो GUNJAN KUMARI दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मेरी पत्नी है।
5. यह कि मेरे सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी पत्नी का नाम उसके आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अनुसार सुधार कर GUNJAN KUMARI अंकित कर दिया जाए, जिसके वास्ते यह शपथ पत्र दे रहा हूँ।
6. यह कि उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है।

# दोनों का फायदा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भारत की यात्रा पर आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह यात्रा जुलाई में पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा के बाद हुई है, जहां दोनों देशों ने टेक्नोलॉजी, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुसंधान जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। स्टार्मर, जो उद्योग जगत के बड़े नामों के साथ भारत आये, ने नयी दिल्ली के साथ साझेदारी को 'ग्रोथ का लॉन्चपैड' बताया, जबकि पीएम मोदी ने ब्रिटेन को 'स्वाभाविक साझेदार' कहा। यह मुलाकात दो महीने पहले हुए विस्तृत आर्थिक और व्यापार समझौते को जल्द लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके लिए एक जॉइंट कमेटी बनाने का ऐलान किया गया है। इस व्यापार समझौते से दोनों देशों को जबरदस्त फायदा होने की उम्मीद है। ब्रिटेन से भारत आने वाले सामानों पर औसत टैरिफ 15% से घट कर 3% हो जायेगा, वहीं भारत से ब्रिटेन निर्यात होने वाले 99% उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह खत्म हो जायेगा। इस डील से व्यापारियों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा, साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वर्तमान में दोनों देशों के बीच लगभग 56 अरब डॉलर का व्यापार है, जिसे 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। यह सहयोग ऐसे समय में हो रहा है, जब भारतीय उद्योग, खास कर टेक्सटाइल सेक्टर, अमेरिकी टैरिफ के कारण दबाव में है। आशंका है कि चीन और बांग्लादेश पर कम टैरिफ के कारण भारत के टेक्सटाइल निर्यात में अगले साल 10% तक की गिरावट आ सकती है। ब्रिटेन के साथ हुई यह डील इस संभावित नुकसान को कम करने में मददगार साबित होगी। स्टार्मर के दौरे ने टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, शिक्षा, निवेश, स्वास्थ्य और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के नये रास्ते खोले हैं। एक बड़ी घोषणा यह है कि ब्रिटेन के 9 विश्वविद्यालय अब भारत में अपने कैंपस खोल सकेंगे। यह उन भारतीय छात्रों के लिए एक बड़ी राहत है, जो अमेरिका की वीजा नीतियों के कारण विदेश में पढ़ाई के अवसरों को लेकर चिंतित थे। अपने ही देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलने से रिसर्च को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर दोनों ही इन द्विपक्षीय समझौतों को ऐतिहासिक मान रहे हैं, जिसका मुख्य कारण मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां हैं। अमेरिका के बढ़ते दबाव के बीच, इन मुलाकातों ने दोनों देशों को नये विकल्प दिये हैं। ये नये विकल्प उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत करते समय एक मजबूत स्थिति प्रदान करेंगे। यह साझेदारी न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को भी मजबूत करेगी। यह दिखाता है कि कैसे देश आपसी सहयोग से वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अपने नागरिकों के लिए बेहतर अवसर पैदा कर सकते हैं। इस तरह की साझेदारी भविष्य में और भी मजबूत होने की उम्मीद है, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

**प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर दोनों ही इन द्विपक्षीय समझौतों को ऐतिहासिक मान रहे हैं, जिसका मुख्य कारण मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां हैं। अमेरिका के बढ़ते दबाव के बीच, इन मुलाकातों ने दोनों देशों को नये विकल्प दिये हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश की आम जनता और किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीएसटी दरों में व्यापक सुधार किए गए हैं। यह सुधार हमारी कृषि व्यवस्था को गति और किसानों को प्रगति देने वाले हैं। इन सुधारों से देश के 10 करोड़ से अधिक सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले जहां कृषि उपकरणों पर 18% तक जीएसटी देना पड़ता था, अब यह दर घटाकर केवल 5% कर दी गयी है। इसका मतलब है कि हर किसान की जेब में हजारों रुपये की सीधी बचत होगी।**

# किसानों की आय बढ़ाने का काम करेगी जीएसटी की नयी दरें



**शिवराज सिंह चौहान**





किसान कल्याण केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। खेती सरल हो, उत्पादन की लागत घटे और किसान को अधिक मुनाफा हो, इसके लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। अन्नदाताओं का जीवन बदलना और कृषि को विकसित बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भी है और संकल्प भी। उनके निर्णयों, नीतियों और योजनाओं के केंद्र में हमेशा किसान रहते हैं। हाल ही में जीएसटी परिषद द्वारा किये गये संशोधन इसी किसान हितैषी सोच को दर्शाते हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म का जो संकल्प लिया था। आज वह नये भारत की समृद्धि का आधार बन रहा है। देश की आम जनता और किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीएसटी दरों में व्यापक सुधार किए गए हैं। यह सुधार हमारी कृषि व्यवस्था को गति और किसानों को प्रगति देने वाले हैं। इन सुधारों से देश के 10 करोड़ से अधिक सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले जहां कृषि उपकरणों पर 18% तक जीएसटी देना पड़ता था, अब यह दर घटाकर केवल 5% कर दी गयी है। इसका मतलब है कि हर किसान की जेब में हजारों रुपये की सीधी बचत होगी।

उदाहरण के लिए अगर कोई किसान 35 हॉर्सपावर का ट्रैक्टर खरीदता था, तो पहले उसे लगभग 6.5 लाख रुपये (अनुमानित) खर्च करने पड़ते थे। अब यही ट्रैक्टर करीब 6.09 लाख रुपये में मिलेगा और किसान को लगभग 41 हजार रुपये की बचत होगी। 45 एचपी ट्रैक्टर पर करीब 45 हजार रुपये और 50 एचपी ट्रैक्टर पर 53 हजार रुपये की सीधी बचत होगी। 75 एचपी ट्रैक्टर पर किसानों को लगभग 63 हजार रुपये का लाभ होगा। सिर्फ ट्रैक्टर ही नहीं, पावर टिलर पर करीब 12 हजार, धान रोपण यंत्र पर 15 हजार और थ्रेशर पर लगभग 14 हजार रुपये की बचत होगी। पावर वीडर और सीड-ड्रिल जैसे उपकरणों पर भी 5 से 10 हजार रुपये तक की बचत होगी। नये सुधारों से कटाई और बुवाई की बड़ी मशीनें भी किसानों को सस्ते दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी। 14 फीट कटर बार पर लगभग 1.87 लाख रुपये, स्क्वायरबेलर पर लगभग 94 हजार रुपये और स्ट्रॉरीपर पर करीब 22 हजार रुपये किसानों की जेब में बचेंगे। मल्चर, सुपरसीडर, हैप्पीसीडर और स्प्रेयर भी अब पहले से सस्ते हो गये हैं।

**जीएसटी सुधारों से इन समूहों और एमएसएमइ की लागत घटेगी, जिससे गांव और कस्बों में छोटे उद्योग पनपेंगे।**

कृषि को अधिक लाभदायक बनाने के लिए मशीनीकरण आवश्यक है। स्प्रिंकलर, ड्रिपइरिगेशन, कटाई मशीन, हाइड्रोलिकपंप और कलपुर्जों पर टैक्स घटने से अब सीमांत किसान भी आसानी से आधुनिक उपकरण खरीद पायेंगे। इससे श्रम लागत कम होगी, समय बचेगा और उत्पादकता बढ़ेगी। खेती के खर्च में कमी आने से स्वाभाविक रूप से किसान की आमदनी में वृद्धि होगी। ये अनुमानित कीमतें हैं। कंपनियों और राज्यों की नीतियों के आधार पर थोड़ी-बहुत भिन्नता संभव है, लेकिन यह तय है कि किसानों की लागत घटेगी और फायदा निश्चित मिलेगा।

हमारा हर कदम किसानों की समृद्धि के लिए है। किसानों को घटी हुई दरों का लाभ तुरंत मिले, इसके लिए मैंने कृषि मशीन निर्माताओं के संघों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। यह सुधार केवल किसानों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की आर्थिक संपन्नता और आत्मनिर्भरता के लिए अभिनंदनीय कदम है।

कृषि की लागत घटने से किसान अपनी उपज से अधिक लाभ कमा पायेंगे जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। इसका सकारात्मक असर लघु और कुटीर उद्योगों पर भी पड़ेगा, क्योंकि उन्हें कच्चा माल सस्ते में उपलब्ध होगा और उत्पादन लागत घटेगी। साथ ही एमएसएमइ क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

कृषि और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। मधुमक्खी पालन, डेयरी, पशुपालन और सहकारी समितियों को जीएसटी में जो छूट दी गयी है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई समृद्धि आयेगी। जब किसानों के खर्च कम होंगे और उनकी आय बढ़ेगीतो वे अपनी जीवनशैली, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक निवेश कर सकेंगे, जिससे जीवन का चहुंमुखी विकास संभव होगा।

जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष बल रहता है। आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ रही है, ऐसे में हमारे किसानों को सस्ते दामों पर जैव-कीटनाशकों और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी 12% से घटाकर 5% किया गया है। इससे किसान रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने के बजाय धीरे-धीरे जैविक उर्वरकों की ओर बढ़ेंगे। मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, धरती मां का स्वास्थ्य सुधरेगा और साथ ही किसानों की लागत भी कम होगी। हमारे देश के किसानों की जोत का आकार छोटा है इसलिए हम इंटीग्रेटेडफार्मिंग और कृषि संबद्ध क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, ताकि किसानों की आय तेजी से बढ़े। सरकार का स्पष्ट मानना है कि किसानों के जीवन में समृद्धि का उजाला लाने के लिए मूल्य संवर्धन भी आवश्यक है। जीएसटी सुधारों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को राहत मिली है।

कोल्डस्टोरेज और प्रोसेसिंगयूनिट्स में निवेश बढ़ने से किसानों की उपज लंबे समय तक सुरक्षित रहेगी और प्रसंस्करण के बाद उसे बेहतर दाम मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कहा है कि वे किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों के विरुद्ध किसी भी नीति और समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। आज का यह सुधार उसी संकल्प का प्रमाण है। इससे हमारी विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता घटेगी और मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत को बल मिलेगा।

ग्रामीण भारत की समृद्धि का आधार स्वयं सहायता समूह की हमारी बहनें हैं। जीएसटी सुधारों से इन समूहों और एमएसएमइ की लागत घटेगी, जिससे गांव और कस्बों में छोटे उद्योग पनपेंगे। ग्रामीण उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए गांवों में प्रसंस्करण ईकाइयां, भंडारण और परिवहन सुविधाएं विकसित होने से विकसित और आत्मनिर्भर भारत को नयी दिशा मिलेगी। कर घटने से बिक्री बढ़ेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवा अपने गांव में रहकर ही आत्मनिर्भर बन पायेंगे। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि ये सुधार, स्वदेशी से समृद्धि के संकल्प को सार्थक करेंगे जिससे हमारी अर्थव्यवस्था लॉन्ग लिव इकॉनमी बनेगी। ये सुधार केवल कर की दर घटाने भर का निर्णय नहीं हैं, बल्कि किसान, छोटे व्यापारी, पशुपालक, मछुआरे और कुटीर उद्योग चलाने वाली बहनों के जीवन में नयी ऊर्जा भरने का पुण्य प्रयास है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास और अंत्योदय के संकल्प के साथ यही सिद्ध कर रही है कि खेत-खलिहान की खुशहाली ही राष्ट्र की प्रगति का पर्याय है। अबकी बार पूरा देश स्वदेशी से समृद्धि के संकल्प के साथ दीपावली मनायेगा। घर-घर स्वावलंबन के दीप जलेंगे, कुटीर उद्योगों से जय स्वदेशी का मंगल स्वर गूंजेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे किसान विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेंगे।

**(लेखक : भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### केबुल टाउनवासियों को मिली बड़ी राहत, हाइकोर्ट के फैसले से अलग बिजली कनेक्शन का रास्ता साफ

# केबुलवासी जल्द करें आवेदन, हर संभव सहयोग को तैयार टीम : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के केबुल टाउन इलाके के निवासियों को झारखंड उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय ने उनके घरों में अलग-अलग बिजली कनेक्शन देने का रास्ता साफ कर दिया। अदालत ने इस संबंध में एक रिट याचिका का निष्पादन करते हुए अंतिम आदेश जारी किया। शुक्रवार को अहम फैसले की जानकारी जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दी। विधायक श्री राय ने कहा यह निर्णय लंबे समय से लंबित एक जनहित मुद्दे का समाधान है। जिससे क्षेत्र के हजारों परिवारों को लाभ होगा। सरयू राय ने बताया एक वर्ष पूर्व ही उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश में कहा था केबुल टाउन के निवासी अपने घरों में टीएसयूआइएल से अलग बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, लोगों की ओर से पहल नहीं की गयी। अब जब कोर्ट का अंतिम आदेश आ गया तो केबुल टाउनवासियों को चाहिए वे जल्द से जल्द आवेदन देकर बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी करें। विधायक सरयू राय ने कहा अब तक केबुल टाउन में नौ वेंडरों के माध्यम से बिजली की आपूर्ति होती थी। जिससे लोगों को महंगी दरों पर बिजली मिल रही थी। अब हर घर में सीधा कनेक्शन मिलने से बिजली की लागत भी कम होगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होंने बताया टीएसयूआइएल भी बिजली कनेक्शन देने को तैयार है। बस उपभोक्ताओं को आगे आकर आवेदन करना होगा। इसके लिए आवश्यकतानुसार शिविर लगाकर भी फॉर्म भरवाने की व्यवस्था की जायेगी। विधायक के सहयोगी इस प्रक्रिया में लोगों को हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। सरयू राय ने कहा उन्हें इस बात की अतिशय प्रसन्नता है विधायक रहते जो कार्य उन्होंने शुरू वे अब साकार हो रहे हैं। पहले केबुल टाउन में पेयजल की व्यवस्था और सड़कों का जाल बिछाया गया। अब हर घर को अलग बिजली कनेक्शन देने की दिशा में भी बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने इस प्रक्रिया में सहयोग देने के लिए टाटा स्टील और टीएसयूआइएल के अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा टाटा स्टील ने जनहित में सहयोगात्मक रुख अपनाया, चाहे वह दिवालिया केबुल कंपनी से जुड़े मामले में रहा हो या उच्च न्यायालय में चल रही याचिका के दौरान। विधायक ने उन सभी नागरिकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके आंदोलनों में भाग लिया और इस लड़ाई को जन आंदोलन बनाया। उन्होंने कहा अब समय आ गया केबुल टाउन के हर घर में कानूनी, सस्ते और स्थायी बिजली कनेक्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाये। यह निर्णय केबुल टाउन के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। जिससे न केवल बिजली व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि पारदर्शिता और उपभोक्ताओं के अधिकार भी सुनिश्चित होंगे।

## पटमदा में दो दिवसीय मिर्गी जांच शिविर



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिवसीय मिर्गी जांच शिविर - परियोजना उल्लास का आयोजन किया गया। शुक्रवार को डीसी के निर्देश पर शिविर में 550 मरीजों की जांच की गयी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने बताया जिले में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाने व सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से लगातार शिविर आयोजन की जा रही है। इससे पूर्व घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पटमदा में दो दिवसीय शिविर में लगभग 550 मानसिक रोगियों की निःशुल्क स्क्रीनिंग, परामर्श, एक महीने की दवा और आने-जाने की सुविधा भी मुफ्त में दी गयी। शिविर में मरीजों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग के पहल की सराहना की। शिविर में परियोजना उल्लास के नोडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पांडा और जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय धवड़िया की अहम भूमिका रही। मुख्य चिकित्सकीय विशेषज्ञों में डॉ.राजीव कुमार सिंह (प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पटमदा), डॉ. मयंक शर्मा (मनोचिकित्सक, दिल्ली), डॉ. ममता भूषण सिंह, डॉ. हेमंत तिवारी, डॉ. दीपक कुमार गिरि, डॉ.महेश हेम्ब्रम, डॉ. संदीप टुडू, डॉ.भोगन हेम्ब्रम, डॉ. सुकांता सीट, डॉ. सौरभ मल्लिक, डॉ. विकास मार्डी, डॉ. सौमेन दत्ता, डॉ. राजीव लोचन महतो (जिला कुष्ठ परामर्शी) के आलावे प्रशासनिक सहयोग में दिलीप कुमार (डीडीएम), हिकीम प्रधान (डीपीसी), सुगदा मुर्मू (डीएएम), लछ्‌चू मरडी (कंप्यूटर ऑपरेटर), शुभेंदु, धर्मपाल मंडल, बीटीटी, एसटीटी, सहिया साथी, साहिया सह सभी सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे। विभाग ने आश्वासन दिया भविष्य में भी इस तरह के विशेष शिविरों का आयोजन जिले के विभिन्न हिस्सों में किया जायेगा। ताकि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता और सुविधा दोनों का विस्तार हो सके।

## अवैध हथियार के साथ चाचा-भतीजा गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नं. 4 स्थित खरकई नदी किनारे गुरुवार देर शाम पुलिस ने छापामारी कर अवैध हथियार के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये दोनों अभियुक्त आपस में चाचा-भतीजा हैं, जो क्षेत्र में दहशत फैलाने की मंशा से हथियार लेकर घूम रहे थे। शुक्रवार को घटना की जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। एसएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी प्रवेशंद्र सिन्हा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए। मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक के पास से लोहे से बना देशी कट्टा और दूसरे के पास से 8 एमएम का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 40 वर्षीय रविनाथ मछुआ और 19 वर्षीय आशीष मछुआ के रूप में हुई है। दोनों शास्त्रीनगर ब्लॉक नं. 5 जयप्रकाश नगर कदमा के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार दोनों क्षेत्र में अवैध हथियारों के बल पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे थे। सिटी एसपी ने बताया रविनाथ मछुआ का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पूर्व में अवैध शराब के मामले में जेल जा चुका है। कदमा थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के मद्देनजर पुलिस की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फिलहाल पुलिस दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी दल में कदमा थाना प्रभारी प्रवेशद्र सिन्हा, पुअनि पिकु कुमार, मंटू कुमार, दीपक कुमार महतो, सअनि ललन कुमार दास, आरक्षी राहुल कुमार तिवारी, गृहचालक अजीत कुमार शामिल रहे।

### गुड़ाबांदा में खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# बालू लदे सात हाइवा जब्त, हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुड़ाबांदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र में खनन विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे सात हाइवा को जब्त कर लिया। शुक्रवार को खनन निरीक्षक अरविंद उरांव और थाना प्रभारी कुमार सुमित यादव के नेतृत्व में कारवाई की गई।सूत्रों के अनुसार कोईमा स्थित स्टॉक यार्ड से बालू की लोडिंग की जा रही थी, लेकिन किसी भी हाइवा के पास वैध चालान नहीं था। माइनिंग इंस्पेक्टर अरविंद उरांव के बयान पर गुड़ाबांदा थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज की गयी। उधर पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में भाखर से दो और कोईमा से चार हाइवा जब्त किये गये, जबकि एक अन्य हाइवा को सड़क से पकड़ा गया। पकड़े गये हाइवा में जेएच 05 एके 5452, जेएच 05 डीएम 0102, जेएच 05 डीएम 6975, जेएच 05 सीएफ 1740, जेएच 05 डीयू 9517 सहित अन्य दो वाहन की पहचान प्रक्रिया जारी है। उधर जैसे ही छापेमारी की सूचना फैली, स्टॉक यार्ड और आस-पास के क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। कई वाहन चालकों ने बालू को वापस यार्ड में डंप कर दिया और कुछ वाहन बिना बालू लादे सड़क किनारे खड़े नजर आए। इस कार्रवाई से यह साफ हो गया है इलाके में बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा। कई सफेदपोस व्यक्ति का सम्मिलित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिनके देखरेख में कई वाहन रोजाना बिना वैध दस्तावेज के बालू का परिवहन कर रहे थे। इस मामले में बीएएएस 303(02), 317(5), 21 एमएमडीआर एक्ट व अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। खनन विभाग के अधिकारी ने स्पष्ट किया। भविष्य में भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी ताकि अवैध खनन व परिवहन पर लगाम लगायी जा सके। खनन विभाग की कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध बालू कारोबारी की परेशानी बढ़ गयी है।

## कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पुनः कांग्रेस में शामिल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शुक्रवार को रांची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को कांग्रेस पार्टी में पुनः शामिल कराया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। जितेंद्र सिंह ने परविंदर सिंह को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर इसे ऐतिहासिक फैसला बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बाबा धाम का प्रसाद खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद दिया और कहा कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है। कार्यकर्ताओं को धैर्य रखना चाहिए। समय आने पर पार्टी सभी का ध्यान रखती है। उधर जितेंद्र सिंह की पुनः वापसी में प्रदेश कांग्रेस सचिव के.के. शुक्ला, भारत यात्री अमरजीत नाथ मिश्रा, जिला कांग्रेस महासचिव उदय सिंह का अहम भूमिका रही। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कांग्रेस में जितेंद्र सिंह की वापसी को पार्टी के लिए एक मजबूती के रूप में देखा जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
07

# केतार के जेएसएफसी गोदाम में खाद्यान्न गायब होने की सूचना पर उपायुक्त ने करायी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** केतार प्रखंड के सीओ सह बीडीओ द्वारा झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम में 9006.18 क्विंटल खाद्यान्न कम होने की सूचना पर गढ़वा जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक ने केतार स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम की जांच की गई। जिसमें अपेक्षाकृत खाद्यान्न कम होने की पुष्टि हुई है। जांच के क्रम में केतार के झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम में लगभग 9006.18 क्विंटल कम खाद्यान पाया गया। समुचित जांच प्रक्रिया के प्रतिवेदन से डीसी दिनेश कुमार यादव को गढ़वा जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह झारखंड राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक देवानंद राम ने अवगत कराया था। साथ ही प्रभारी सहायक गोदाम, प्रबंधक के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। डीसी ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए केतार के सीओ सह बीडीओ को थाना में प्रभारी सहायक गोदाम, प्रबंधक राजीव कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। साथ ही राजीव कुमार को निलंबित करते हुए उन पर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम केतार में खाद्यान गबन के मामले में डीसी द्वारा निर्गत निदेश के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए केतार जेएसएफसी गोदाम के कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार को कार्यमुक्त कर दिया है। मिलरों की मिलीभगत से जेएसएफसी गोदाम में खाद्यान्न आपूर्ति में गड़बड़ी के आरोप में विभिन्न संबंधित मिलरों से स्पष्टीकरण किया गया है। जिसमें आरडीएस एंड संस प्राइवेट लिमिटेड राइस मिल चियांकी पलामू, पलामू के विश्रामपुर स्थित ज्योति राइस मिल, शाकंबरी राइस मिल रांची एवं रामेश्वरम राइस मिल बिहार का नाम शामिल है। स्पष्टीकरण में कहा गया है कि असंतोषजनक जवाब पाए जाने पर सभी संबंधित मिलरों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बतातें चलें कि झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम केतार में अपेक्षाकृत कम खाद्यान पाए जाने की सूचना पर डीसी द्वारा कराए गए जांच कार्रवाई के बाद उपरोक्त सभी आरोपितों को कारणपृच्छा की गई थी, जिसमें असंतोषजनक जवाब पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# माटी कला शिल्पकारों को डीसी ने विद्युत संचालित चाक दी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड माटी कला बोर्ड के तत्वावधान में गढ़वा जिला अंतर्गत माटी कला शिल्पकारों (कुम्हारों) को 90 पीसदी अनुदान पर विद्युत संचालित चाक उपलब्ध कराने की योजना के तहत शुक्रवार को डीसी दिनेश यादव की ओर से ग्राम तेनार की कांति देवी एवं राकेश कुमार प्रजापति को विद्युत संचालित चाक प्रदान किया गया। वहीं, शेष लाभुकों को गढ़वा प्रखंड कार्यालय से चाक का वितरण किया गया। इस योजना के अंतर्गत झारखंड माटी कला बोर्ड की ओर से गढ़वा जिले के लिए कुल 35 विद्युत चाक का आवंटन किया गया था। चयनित लाभुकों को केवल 10 फीसदी अंशदान (2350 रुपये) जमा कर यह चाक उपलब्ध कराया गया। सभी प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाभुकों का चयन नियमानुसार किया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के समय मिट्टी के दीपक एवं अन्य बर्तनों की मांग अधिक होती है। विद्युत संचालित चाक से कम समय में अधिक उत्पादन कर शिल्पकार अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने लाभुकों से चाक का सही उपयोग कर परिश्रमपूर्वक अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र गढ़वा के महाप्रबंधक रघुवर सिंह, इओडीबी मैनेजर दीपक कुमार और प्रखंड उद्यमी समन्वयक आशीष सिंह उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तीन घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के परती गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान जोखन सिंह चेरो, मुखलाल चेरो और उसकी पत्नी कौशिला देवी के रूप में हुई है। घायलों को उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ नीतीश भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद जोखन सिंह चेरो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, इलाज के दौरान मुखलाल चेरो ने बताया कि परती गांव के बघौता टोला स्थित उसकी लगभग एक एकड़ 52 डिसमिल रैयती भूमि पर गोतिया पक्ष के सीताराम चेरो, इंदु चेरो, बिंदु रतन चेरो, अवधेश चेरो (पिता मतरगुण चेरो) और दिनेश चेरो जबरन जोत कोड़ाई कर रहे थे। जानकारी मिलने पर जब उन्होंने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे सभी आगबबूला हो गए और लाठी, बलुआ एवं धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

# कंचनपुर एवं रंकाकला में पेंशन योजना का सत्यापन

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के कंचनपुर एवं रंकाकला पंचायत भवन में केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना का सत्यापन किया गया। बतातें चलें कि कंचनपुर एवं रंकाकला पंचायत के अंतर्गत समस्त लाभुक जिनको केंद्र सरकार की ओर से पेंशन मिलता है वैसे लाभुकों का सत्यापन किया गया। इस मौके पर कंचनपुर की मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पंचायत सचिव शोभा मिश्रा, रोजगार सेवक शशि सोनी, नंदू राम, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सत्येन्द्र राम, रंकाकला के मुखिया रणजीत सोनी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, सचिव किरण कुमारी और अर्पण बाखला आदि उपस्थित रहे।

# मेराल के होंडा शोरूम में चोरी सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के नेनुआ मोड़ स्थित होंडा शोरूम में गुरुवार की रात चोरी की घटना हुई। हालांकि चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार चोरी की इस घटना में एक लैपटॉप और 10 हजार रुपए नगद चोरी हुए हैं। घटना को लेकर शोरूम के प्रोपराइटर पीयूष कुमार ने मेराल थाने में शिकायत दर्ज करायी है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार गुरुवार की शाम करीब 5:30 बजे शोरूम बंद किया गया था। अगले दिन शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने पीयूष को जानकारी दी की शोरूम का ताला टूटा हुआ है। शोरूम पहुंचने पर देखा कि मेन गेट का ताला तोड़ा गया है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। पीयूष ने बताया कि टेबल के ड्रावर में रखा 10 हजार नगद, एक लैपटॉप एवं छह नई बाइक की चाबी चोरी हुई है। उधर, शोरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गयी तो चोर की पहचान कर ली गयी। प्रोपराइटर द्वारा थाना में दिए आवेदन के अनुसार चोरी की घटना को मेराल निवासी आदित्य प्रसाद (26) ने अंजाम दिया है। उधर, मामले को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


## समाहरणालय, लातेहार, (भू-अर्जन शाखा)

### समाहर्ता या समुचित सरकार
### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–रेंची चादर–I थाना नं0–248 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चन्दवा जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना– **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। S.I.A. प्रतिवेदन को भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा–07 (2) उपधारा (1) के तहत् आक्कलन हेतु विशेषज्ञ समूह गठित किया गया एवं समूह के प्रतिवेदनानुसार भूमि अधिग्रहण करने की सहमति दी गई है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा–निम्न है–कोल ब्लॉक निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है''। भू–अर्जन के कारण परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–रेंची चादर–I थाना नं0–248 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चन्दवा जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**105.50** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | रेंची चादर –I | 2 | 81 | टांड दो | 0.04 | 0.04 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–77 पश्चिम–45 |
| 20 | रेंची चादर –I | 2 | 82 | टांड दो | 0.47 | 0.47 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– घनु महतो दक्षिण– निज पूरब–77 पश्चिम–45 |
| 21 | रेंची चादर –I | 2 | 83 | टांड दो | 0.12 | 0.12 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– निज पूरब–75 पश्चिम–44 |
| 22 | रेंची चादर –I | 2 | 84 | टांड दो | 0.15 | 0.15 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– खिरा उरांव पूरब–74 पश्चिम–44 |
| 23 | रेंची चादर –I | 2 | 101 | धान दो | 0.43 | 0.43 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– वुटा उरांव दक्षिण– निज पुरब–100 पश्चिम–रास्ता |
| 24 | रेंची चादर –I | 2 | 102 | खलिहान | 0.03 | 0.03 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– 101 दक्षिण–103 पूरब–105 पश्चिम–रास्ता |
| 25 | रेंची चादर –I | 2 | 109 | धान दो | 0.26 | 0.26 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो बो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– खिरा उरांव दक्षिण– वुद्धू महतो पूरब–108 पश्चिम–रास्ता |
| 26 | रेंची चादर –I | 2 | 133 | टांड एक | 0.25 | 0.25 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शास | उत्तर– रास्ता दक्षिण– निज पूरब–132 पश्चिम–135 |
| 27 | रेंची चादर –I | 2 | 134 | धान एक | 3.00 | 3.00 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– शांति देवी पूरब–131 पश्चिम–135 |
| 28 | रेंची चादर –I | 2 | 136 | धान दो | 0.75 | 0.75 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– रास्ता दक्षिण– खिरा उरांव पूरब–135 पश्चिम–रास्ता |
| 29 | रेंची चादर –I | 2 | 139 | धान एक | 0.82 | 0.82 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– रास्ता दक्षिण– वापुराम उरांव पूरब–रास्ता पश्चिम–142 |
| 30 | रेंची चादर –I | 2 | 142 | टांड दो | 0.85 | 0.85 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– रास्ता दक्षिण– वुद्धू महतो पूरब–139 पश्चिम–143 |
| 31 | रेंची चादर –I | 2 | 143 | टांड दो | 0.85 | 0.85 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– विफाई उरांव दक्षिण– मोहन उरांव पूरब–142 पश्चिम–144 |
| 32 | रेंची चादर –I | 2 | 144 | टांड दो | 0.84 | 0.84 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– खिरा उरांव दक्षिण– मोईन उरांव पूरब–143 पश्चिम–145 |
| 33 | रेंची चादर –I | 2 | 155 | धान दो | 0.52 | 0.50 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– करमा उरांव दक्षिण– निज पूरब–156 पश्चिम–155 अंश |
| 34 | रेंची चादर –I | 2 | 156 (P) | टांड दो | 2.94 | 2.18 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– वापुराम उरांव पूरब–135 पश्चिम–156 अंश |
| 35 | रेंची चादर –I | 3 | 25 | टांड दो | 0.45 | 0.45 | अलियार उरांव, पिता गुजरा उरांव, जाति उराँव, निवासी निजग्राम, टोला नवा टोली पत्रालय शासन | अलियार उरांव, पिता गुजरा उरांव, जाति उराँव, निवासी निजग्राम, टोला नवा टोली पत्रालय शासन | उत्तर– टिवरा उरांव दक्षिण– परती पूरब–26 पश्चिम–12 |
| 36 | रेंची चादर –I | 4 | 154 | धान एक | 0.36 | 0.36 | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– वापुराम उरांव दक्षिण– अलियार महतो पूरब–156 पश्चिम–153 |
| 37 | रेंची चादर –I | 4 | 195 | धान एक | 0.60 | 0.60 | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– मोहना उरांव दक्षिण– शांति देवी पूरब–197 पश्चिम–194 |
| 38 | रेंची चादर –I | 4 | 239 | धान एक | 0.49 | 0.11 | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– टिवरा उरांव दक्षिण– अलियार महतो पूरब–238 पश्चिम–239 अंश |
| 39 | रेंची चादर –I | 7 | 5 | धान दो | 0.47 | 0.47 | कलेया उरांव, पिता–बगआ उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | कन्दरा उरांव, पिता–तेतरा उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– गोपाल सिंह दक्षिण– कलेया उरांव पूरब–542 पश्चिम–3 |
| 40 | रेंची चादर –I | 7 | 6 | धान दो | 0.20 | 0.20 | कलेया उरांव, पिता–बगआ उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | कन्दरा उरांव, पिता–तेतरा उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– कलेया उरांव दक्षिण– कलेया उरांव पूरब–542 पश्चिम–3 |
| 41 | रेंची चादर –I | 7 | 7 | टांड दो | 1.13 | 1.13 | कलेया उरांव, पिता–बगआ उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | कन्दरा उरांव, पिता–तेतरा उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– कलेया उरांव दक्षिण– वुद्धू उरांव पूरब–541 पश्चिम–3 |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,लातेहार

PR 363787 Land Reforms(25-26).D

## लोहरदगा की बेटी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलना गौरव की बात : सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रदीप सिंह ग्राम उगरा जिला लोहरदगा की पुत्री दीक्षा कुमारी ने एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) में भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों 6 अक्टूबर को सम्मानित की गयी। दीक्षा कुमारी अपने पिता और बहन के साथ लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत से आकर उनके आवास में मिले। सांसद ने उसे आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना किये। सांसद ने कहा कि लोहरदगा की बेटी को यह सम्मान मिला लोहरदगा ही नहीं वरन पूरे झारखंड की गौरव की बात है। दीक्षा कुमारी ने केंद्र सरकार के योजनाओं जैसे स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा, प्रधानमंत्री बीमा योजना जैसे अनेक योजनाओं में काम किया। दीक्षा का दृढ़ संकल्प इच्छा शक्ति और सेवाभाव ही उसे इस सम्मान का हकदार बनाया है। एनएसएस एक ऐसा कार्यक्रम है जो युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करता है। श्री भगत ने कहा कि हमारी बेटियां सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है हम सबों को उसे प्रोत्साहन देकर और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

### डायन-बिसाही मामले में तीन लोगों की हत्या पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

## रिपोर्ट मांगी, आश्रितों को मिला मुआवजा

**डालसा की ओर गठित टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की, दी सहायता राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरांग बरटोली गांव में डायन बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने इस मामले को लेकर पीडीजे राजकमल मिश्रा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तत्पश्चात घटना को लेकर पीडीजे राजकमल मिश्रा ने लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी और एसडीपीओ वेदांत शंकर के साथ बैठक की। इस बीच डालसा के द्वारा गठित टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। तत्काल रिपोर्ट झालसा, रांची भेजा गया। कार्यकारी अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद ने तुरंत 20 हजार रुपये पीड़ित परिवार को देने का निर्देश जारी किया। बैठक के बाद पीड़ित परिवार को डालसा सचिव राजेश कुमार पेशरार के बर टोली पहुंचकर पीड़िता और परिवार की बहु और कांड की सूचिका सुखमनिया कुमारी को 20 हजार रुपये का चेक सौंपा। मौके पर पहुंची डालसा टीम के साथ एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर भी साथ थे। लोहरदगा डालसा टीम में डालसा सचिव राजेश कुमार के अलावे पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र देव, इंद्रानी कुजूर, पीएलवी गौतम लेनिन, संतोष भगत, सुनेश्वर उरांव, शारूक कुंवर गोप शामिल थे। गौरतलब है कि बीते दिनों लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरांग बर टोली गांव में डायन बिसाही के आरोप में पति-पत्नी और 9 साल के बच्चे समेत तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### शीघ्र होगा के केकरांग हत्याकांड का खुलासा : एसपी



लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि पीड़ित परिजन की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर गहन अनुसंधान कर रही है। संदेह के आधार पर गांव के चार-पांच व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्याकांड के उपयोग में लाया गया कुदाल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसपी ने कहा कि अंधविश्वास समेत तीन संभावित पहलुओं पर पुलिस की गहन जांच चल रही है एक-दो दिनों में मामले का पूरी तरह खुलासा हो जायेगा। हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी भी शीघ्र होगी।

## जंगली हाथियों से बचाव के लिए सरकार बनाये ठोस कार्ययोजना : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि लातेहार जिले के चंदवा, बालूमाथ प्रखंड में पिछले कुछ वर्षों से हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन राज्य सरकार और वन विभाग इस गंभीर समस्या के समाधान के प्रति अब तक उदासीन हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात बालूमाथ के नगड़ा गांव में हाथियों ने एक मवेशी को मार डाला और करीब 10 एकड़ फसल को रौंद डाला। हाथियों का झुंड अभी भी बगल के जंगल में ठहरा हुआ है जिससे ग्रामीणों में भय का वातावरण है। प्रतुल ने बताया कि उन्होंने इस बात की जानकारी जिला के उच्च पदाधिकारियों को दे दी है कि वह इस इलाके से हाथियों को दूर जंगल भेजने का ठोस उपाय शीघ्र करें। प्रतुल ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है – आए दिन इस क्षेत्र के ग्रामीण हाथियों के उत्पात से परेशान हैं। प्रतुल शाह देव ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही और मुआवजा वितरण में देरी के कारण ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ रही है। गरीब किसानों को न समय पर राहत मिल रही है, न सुरक्षा की कोई व्यवस्था। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि चंदवा, बालूमाथ सहित पूरे लातेहार क्षेत्र में हाथियों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनायी जाये जिसमें प्रभावित गांवों की पहचान, मुआवजा वितरण की पारदर्शी व्यवस्था, और ग्रामीणों की भागीदारी से बचाव एवं जागरूकता अभियान शामिल हो।

## ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने सांसद को माइंस और अनलोडिंग क्षेत्रो की समस्याओं से अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ओनर एसोसिएशन के संचालन समिति के सदस्यों ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर हिंडालको द्वारा संचालित विभिन्न माइंसो एवं अनलोडिंग परिसर में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निदान की मांग रखी। बताया कि विमरला माइंस में रोड की स्थिति बहुत ही दयनीय और जर्जर है। हिंडाल्को के द्वारा अभी एक दो दिनों से रोड मरम्मती कार्य कराया जा रहा है जो सिर्फ खानापूर्ति है। ग्रामीण एवं रैयतों को माइंस हेयरिंग के समय में कंपनी के द्वारा मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाये जाते हैं जो कभी भी धरातल में कंपनी के द्वारा नहीं उतारा जाता है।

ग्रामीण एवं रैयतों को जो मूलभूत सुविधाये मिलनी चाहिए वो उनको नहीं मिल रहा है। माइंस को चालू हुए लगभग 10 साल हो गये हैं फिर भी कंपनी से सिर्फ उन्हें आश्वासन मिलती है। इसके अतिरिक्त गुरदारी माइंस में जमीन संबंधित समस्या को लेकर संचालन समिति के द्वारा कंपनी के वरीय पदाधिकारीयो से वार्ता कर समस्या को समझा गया था। इसके अतिरिक्त सभी माइंसो में जर्जर सड़क, अनलोडिंग परिसर की सड़क, सेरंगदाग माइंस सम्बन्धित समस्या, मजदूर, चालक, सहचालको के लिए प्याऊ, कैंटीन और सेड का निर्माण कराने संबधित चर्चा हुई। सीएसआर फंड के तहत स्कूल भवन, छात्रवृत्ति, कोचिंग सेंटर, वोकेशनल सेंटर, एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। सांसद ने इन सारी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संचालन समिति के सदस्यों को आश्वस्त कराये की बहुत जल्द वह इन समस्याओं के संबंध में हिंडाल्को के वरीय पदाधिकारी से बात कर इन समस्याओं को प्राथमिकता के अनुसार निदान करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में संचालन समिति के इरशाद अहमद, अनवर अंसारी, पंकज सिंह, सोनम राज गोलू, गोल्डन कुरैशी, असीम अंसारी बबलू, काजू कुरैशी, खुर्शीद आलम, साजिद खान, आसिफ खान, संजू, विष्णु गुप्ता, अमजद, अबू सुफियान समेत कई शामिल थे।

## सिठियो में शव दफनाने को लेकर विवाद



**अंचलाधिकारी और थानेदार ने मामले को कराया शांत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठीयो ग्राम में शव दफनाने को लेकर एक ही समुदाय के बीच विवाद उतपन्न हो गया। जिसे अंचलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी का संज्ञान में मामला आते ही सीठीयो ग्राम पंहुच कर ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला को शांत कराया गया।

जानकारी के अनुसार बताया जाता है की सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत का पूर्वी भाग के पंचायत समिति सदस्य सनातन बखला का पिताजी की देहांत गुरुवार को दोपहर में हो गया था। जिसे दफनाने को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद उतपन्न हो गया था। वही एक पक्ष का कहना था की हम लोग अलग चर्च में जाते हैं। आप लोग अलग चर्च में जाते हैं। जिसे हम लोग अपना कब्र में शव को दफनाने नही देंगे। वही इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत, पुलिस उपाधीक्षक सुधीर प्रसाद व थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराने के उपरांत शव को सीठीयो ग्राम स्थित कब्र में ईसाई रीति रिवाज के अनुसार शुक्रवार को प्रशासन की उपस्थिति में शव का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर मुखिया शोभा देवी, पशिचमी भाग के पंचायत समिति सदस्य जफरुद्दीन अंसारी, एएसआइ गोबरधन तुरी, असरफी बहेलिया, राजकुमार बैठा के अलावे सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करनेवालों पर होगी कार्रवाई : डीटीओ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोहरदगा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू की उपस्थिति में बीएस कॉलेज के पास ड्रंक एंड ड्राइव, सीट बेल्ट और हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, आरएए कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मार्डी तथा सुशील सिंह अपने दल-बल के साथ मौजूद थे। इस दौरान जिन वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए नहीं पाया गया, उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू ने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना होगा कि हेलमेट और सीट बेल्ट सिर्फ जुमार्ने से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का कवच हैं। ड्रंक एंड ड्राइव जैसी प्रवृत्तियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## लक्ष्य के अनुरूप करें राजस्व संग्रहण : डीसी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संग्रहण संबंधी समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मत्स्य विभाग को शेष तालाबों की बंदोबस्ती कराने व बकाया राशि की वसूली किये जाने का निर्देश दिया। विद्युत प्रमण्डल को नियमित रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। माप-तौल विभाग को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए मिठाई दुकानों में माप-तौल व गुणवत्ता की जांच, राशन दुकानों में डिजिटल तौल मशीन की जांच, तराजू की जांच, भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में माप-तौल की जांच, पेट्रोल पंप में माप की जांच कराने का निर्देश दिया गया।

## वन अधिकार दावों के 130 अभिलेखों की जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार अनुमण्डल कार्यालय लातेहार के सभागार में वन अधिकार कानून के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकार दावा अभिलेखों की शिविर लगाकर गहन प्रशासनिक जांच की कार्यवही शुक्रवार को भी जारी रही। निर्धारित शिविर तिथि के हिसाब से शुक्रवार को चंदवा अंचल के दावों का अवलोकन किया गया। कुल 130 अभिलेखों की बारीकी से जांचकर टिप्पणियां लिपिबद्ध की गयी हैं, जिनमें पाया गया है कि दावित नक्शों में कहीं अध्यक्ष और सचिव का हस्ताक्षर नहीं होने की त्रुटियां परिलक्षित हुई हैं। अधिकांश दावा अभिलेखों में वन विभाग के कर्मियों टिप्पणियां एवं उनके हस्ताक्षर नहीं पाये गये। विदित हो कि पिछले 6 अक्तूबर को जिलेभर से करीब 15 हजार आदिवासी एवं परम्परागत वन निवासियों ने वर्षो से जिला प्रशासन द्वारा पट्टे निर्गत नहीं किये जाने को लेकर अनिश्चितकालीन पट्टा नहीं तो वापस नहीं कार्यक्रम के तहत कल्याण पदाधिकारी कार्यालय में डेरा डाल दिये थे। काफी प्रशासनिक कवायद के बाद मध्य रात्रि में जिला प्रशासन और आन्दोलनकारियों के बीच लिखित समझौता होने के उपरांत आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की थी।

## लोहरदगा चैंबर ने धनतेरस और दीपावली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने को लेकर लोहरदगा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की अगवाई में स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी से औपचारिक भेंट किया। इस दौरान चेंबर के व्यापारियों ने धनतेरस एवं दीपावली के दौरान लोहरदगा बाजार में होने वाले व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी दिया। धनतेरस बाजार में खरीदारी के दौरान ठोस सुरक्षा व्यवस्था देने का आग्रह एसपी से किया। इस पर पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने स्थानीय व्यापारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया एसपी ने कहा कि त्योहार के दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिस की ठोस और रणनीतिकार सुरक्षा व्यवस्था तैनात रहेगी। स्थानीय व्यापारी निर्भीक होकर अपनी व्यापारिक गतिविधियां संचालित करें त्योहार पर पुलिस की ठोस सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रहेगी। कहा कि शहरी बाजार के प्रवेश मार्ग मिशन चौक बरटोली चौक कॉलेज रोड पावर गंज चौक समेत अन्य प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा का ठोस व्यवस्था रहेगी पुलिस की गश्ती वाहन लगातार गस्ती लगायेगी। एसपी ने कहा कि आभूषण दुकानों वाहनों के शोरूम फर्नीचर्स दुकान के आसपास विशेष सतर्कता बढ़ाते हुए पुलिस चौकसी बढ़ा दी जायेगी एसपी ने स्थानीय व्यापारियों से भी त्योहार के दौरान सजग और चौकस रहने की अपील किया। इस दौरान चेंबर के सदस्यों ने कहा सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने में चेंबर सदस्य भागीदारी निभाएंगे। एसपी के निर्देश पर चेंबर सदस्य हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलने समेत ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने के लिए शीघ्र मुहिम चलायेंगे। इस मौके पर लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार, उपाध्यक्ष पंकज जयसवाल, कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार महतो मनीष अग्रवाल, सैयद फिरोज शाह, सुमित कुमार, अनीश अग्रवाल, उत्तम कुमार, विजय खत्री सुमित अन्य व्यापारीगण मौजूद थे।

## दलालों पर अंकुश लगाये जिला प्रशासन : अजातशत्रु

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने लोहरदगा जिला में संचालित सरकारी योजनाओं की स्थिति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोहरदगा जिला में चल रहे सरकारी योजनाओं में दलालों का कब्जा है और इस पर अविलंब जिला प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। अजातशत्रु ने बताया कि सेन्हा थाना का उगरा सड़क टोली निवासी कयूम अंसारी पिता वसारत अंसारी द्वारा उस क्षेत्र के सेन्हा, मुरपा, टेंगरिया, ईचरी, चांपी, झालजमीरा, मेढो आदि लगभग 10 गांव के ग्रामीणों से लाखों की ठगी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ले लिया गया है। आश्चर्य की बात यह है कि कल्याण विभाग द्वारा अनुदान में गाड़ी दिलाने के नाम पर 5000 से लेकर दो लाख दस हजार तक की ठगी की गयी है और किसी को कल्याण विभाग से लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। जब भूक्तभोगी कयूम अंसारी से मुलाकात करते हैं तो वह पैसा वापस करने के बजाय मारने- पीटने की धमकी देते हैं। यहां तक की जान तक मार देने की बात करते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि जब वे सेन्हा थाना में शिकायत लेकर गए तो वर्तमान थाना प्रभारी के द्वारा उल्टा ठगी के शिकार लाभुकों को ही डांट कर भगा दिये और उनकी फरियाद नहीं सुनी। थक हारकर ग्रामीण युवा नेता अजातशत्रु के पास पहुंचे और अपनी दुख भरी कहानी सुनायी। ग्रामीणों की बातें सुनकर जब अजातशत्रु के द्वारा सेन्हा थाना प्रभारी से बात की गयी तो उन्होंने इस संबंध में बात करने से भी इंकार कर दिया। इसके बाद आजातशत्रु ने उपायुक्त से बात की तब उपायुक्त की पहल पर सेन्हा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई इससे साबित होता है कि क्यूम अंसारी का सेन्हा थाना से भी अच्छी साठगांठ है। अजातशत्रु ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से यह अनुरोध किया कि ऐसे थाना प्रभारी को तुरंत सेन्हा थाना से हटाया जाए और किसी संवेदनशील पुलिस पदाधिकारी को सेन्हा थाना का कमान सौंपा जाये तभी ठगी के शिकार ग्रामीणों को न्याय मिल पायेगा और उनका पैसा वापस हो पायेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल उरांव और लक्ष्मी नारायण भगत ने भी दलालों पर अंकुश लगाने एवं ठगी के शिकार लोगों का पैसा दलाल से वापस कराने की अपील जिला प्रशासन से करते हुए इस कार्य में जिला कल्याण विभाग की संलीप्ता पर भी अंदेशा व्यक्त की।

## लक्ष्य प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी अनुशासन से खेलें : सुखुवा उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के खेल प्रांगण में शुक्रवार से स्व. कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट प्रारंभ हुआ। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। खेल के मुख्य अतिथि मध्य विद्यालय के प्रधानध्यापक सुखुवा उरांव और राष्ट्रीय रेफरी एस सुजुद्दीन रजा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखुवा उरांव ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिये खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलें खेल भावना को बनाये रखें अनुशासन के साथ खेलने पर अवश्य ही सफलता मिलेगी। वही टूर्नामेंट का पहला मैच ब्लैक स्टार चरहु और फुटबॉल क्लब हेसवे के बीच खेला गया। जिसमें हेसवे की टीम एक गोल से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर अर्जुन मिस्त्री, रूपेश यादव, जुवेस कुजूर, राजेश मुंडा, आदित्य मिस्त्री समेत अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक प्रकाश राम ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के पेसरार पंचायत अंतर्गत ग्राम पतरातू से होसिर होते हुए मंगल देव उरांव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य अब शुरू होने जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित योजना का शिलान्यास लातेहार के लोकप्रिय एवं विकास पुरुष के नाम से चर्चित विधायक प्रकाश राम के द्वारा किया गया। यह योजना 4 ग्रुप के तहत 97 लाख रुपये की लागत से पूरी की जायेगी। लंबे समय से ग्रामीणों की यह मांग थी कि क्षेत्र में सड़क का निर्माण कराया जाये, जिससे आवागमन में सुविधा हो और क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।

विधायक प्रकाश राम ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि यह सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में थी। बारिश के दिनों में कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों को अत्यधिक परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने बार-बार इस सड़क के निर्माण की मांग की थी। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी यह जिम्मेदारी बनती थी कि जनता की इस बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता दी जाए। इसी भावना के साथ उन्होंने इस योजना को स्वीकृति दिलवाकर कार्य प्रारंभ करवाया है। श्री राम ने मौके पर उपस्थित इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। इस ऐतिहासिक शिलान्यास कार्यक्रम में कई गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार, अनिल कुमार भूसूर, पांडेपुर मुखिया संजय उरांव, विजय राम, मीकू साहू, सीताराम सिंह, राजदेव प्रसाद लोहार, उपमुखिया सीमा देवी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। शिलान्यास पूजन का कार्य स्थानीय पुजारी बैग सुमन सिंह के द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। विधायक प्रकाश राम ने घोषणा किए पतरातू से निदिर तक की रोड और पुल का निर्माण जल्द किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल यातायात की सुविधा बेहतर होगी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचने और स्थानीय व्यापार में भी तेजी आयेगी।

# होल्डिंग टैक्स चोरी मामले में 11 व्यवसायियों को डिमांड नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/ पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में वर्षों से होल्डिंग टैक्स की चोरी कर रहे 11 व्यवसायियों पर नगर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नये सिरे से टैक्स निर्धारण कर डिमांड नोटिस जारी किया है। बताया गया है कि ये व्यवसायी बीते लगभग छह वर्षों से नगर प्रशासन से अपनी वास्तविक संपत्ति का विवरण छुपाकर सिर्फ आवासीय टैक्स अदा कर रहे थे। जबकि उनके भवनों का उपयोग पूरी तरह से वाणिज्यिक कार्यों के लिए किया जा रहा था। इस संबंध में नगर पंचायत के सिटी मैनेजर नज्जीबुलाह अंसारी ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों ने केवल अपने आवासीय मकानों का होल्डिंग टैक्स जमा किया था, लेकिन जांच में सामने आया कि उनके पास दो से तीन तल्ला मकान, बड़े-बड़े गोदाम और अन्य व्यावसायिक परिसंपत्तियां हैं। जिनका उपयोग दुकान, गोदाम, आवास अथवा अन्य व्यापारिक गतिविधियों के लिए हो रहा है। जांच के दौरान जब टीम ने भौतिक सत्यापन किया तो स्पष्ट हुआ कि संपत्तियों का उपयोग पूरी तरह कमर्शियल है। इसके बावजूद इनका टैक्स निर्धारण केवल आवासीय के रूप में किया गया था। जिससे नगर पंचायत को राजस्व की बड़ी क्षति हो रही थी। नगर प्रशासन ने इन व्यवसायियों के खिलाफ होल्डिंग टैक्स का नया निर्धारण करते हुए संबंधित धाराओं के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी कर दिया है।

टैक्स चोरी के मामले में दिलीप कुमार जयसवाल, विजय शंकर प्रसाद, राधेश्याम जयसवाल, गोपाल प्रसाद गुप्ता, सुदर्शन प्रसाद गुप्ता, अजय प्रसाद गुप्ता, गणेश प्रसाद गुप्ता, सरफराज आलम, गणेश प्रसाद, नईम अंसारी, सुरमाली मियां, बैजू मुस्तफा, हेलाल आलम इन सभी पर नगर पंचायत ने उचित मूल्यांकन कर टैक्स की नई राशि निर्धारित की है और उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। जांच के दौरान टीम ने एक-एक भवन का निरीक्षण कर उपयोग की स्थिति की पुष्टि की और दस्तावेजों का मिलान किया। इसके आधार पर ही यह कार्रवाई की गयी है। जांच टीम में सिटी मैनेजर नज्जीबुला अंसारी, टैक्स इंस्पेक्टर सचिन कुमार,जेई सुबोध कुमार, टीम लीडर रविंद्र कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, टीसी विकास कुमार, सीआरपी सहदा अंजुम, अनिता कुमारी, लालमुनि देवी, रिशु कुमारी आदि शामिल थे।

### नगर प्रशासन की अपील

नगर प्रशासन ने क्षेत्र के सभी भवन मालिकों, व्यवसायियों और नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी संपत्ति का सही विवरण नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि कोई भवन या संपत्ति वाणिज्यिक उपयोग में है तो उसका टैक्स भी उसी अनुसार निर्धारित होना चाहिए। नगर प्रशासन ने कहा है कि जो लोग स्वेक्षा से सही विवरण देंगे उन्हें नियमों के अनुसार सुविधा भी दी जा सकती है। लेकिन यदि जांच में कोई जानबूझकर की गयी टैक्स चोरी या गुमराह करने का प्रयास पकड़ा गया, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई, आर्थिक दंड और जरूरत पड़ी तो संपत्ति की जब्ती तक की कार्रवाई की जा सकती है। नगर प्रशासन का कहना है कि नगर क्षेत्र के समुचित विकास और बुनियादी सेवाओं के विस्तार के लिए होल्डिंग टैक्स एक महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत है और इसकी चोरी करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि पूरे शहर के हित के विरुद्ध भी है।

# लापरवाही : देवघर के निजी अस्पताल में नवजात की मौत

**परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस ने संभाली स्थिति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर शहर में एक बार फिर से निजी अस्पताल की लापरवाही का मामला सामने आया है। शुक्रवार को शहर के एक निजी क्लीनिक में उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब एक गंभीर मरीज को रेफर न करने को लेकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मामला डॉक्टर पल्लवी के क्लीनिक का बताया जा रहा है, जहां बिहार के बांका जिले के रहने वाले रतन कुमार यादव ने अपनी पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण नवजात की मौत हो गयी और प्रसूता की हालत भी लगातार बिगड़ती चली गयी। जब परिजनों ने मरीज को बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की बात कही, तो डॉक्टर ने कथित रूप से मोटी रकम की मांग की और पैसे नहीं देने पर मरीज को जबरन क्लीनिक में रोक लिया। इसी को लेकर परिजनों ने क्लीनिक के बाहर करीब तीन घंटे तक जोरदार हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने परिजनों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू की। वहीं, डॉक्टर पल्लवी ने अपने उपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि क्लीनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे सबूत के तौर पर उपलब्ध हैं और सारा इलाज नियमानुसार किया गया था।

इस बीच, गिरिडीह और कृष्णापुरी की दो अन्य महिलाओं के परिजनों ने भी उसी क्लीनिक पर इलाज में लापरवाही और दवाइयों की मनमानी कीमत वसूलने का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने बाहर से दवाएं लाने की कोशिश की, तो डॉक्टर ने उन्हें गलत दवाएं बताकर क्लीनिक से ही दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया। करीब 2:30 बजे शुरू हुआ यह विवाद शाम 6 बजे तक चलता रहा। पुलिस जांच के बाद फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# एथलेटिक्स में सरस्वती विद्या मंदिर के नीतीश ने दो गोल्ड और युवराज ने ब्रांज मेडल जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विद्या भारती, बिहार द्वारा पूर्णिया में आयोजित 36 वां क्षेत्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवम क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

किशोर वर्ग के छात्र नीतीश कुमार ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से 3000 मीटर दौड़ एवं 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किये। वहीं बाल वर्ग के छात्र युवराज सिंह ने लंबी कूद स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक हासिल किया। इन विजेता खिलाड़ियों का चयन अब आगामी माह बेंगलुरु में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के संरक्षक दिनेश कश्यप, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं आचार्य दीदीजी ने दोनों विजेता विद्यार्थियों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक को भी हार्दिक बधाई दी, जिन्होंने अपने सतत प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंचाया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि विद्यालय के छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी निरंतर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। यह अनुशासन, मेहनत और निष्ठा की जीवंत मिसाल है। वहीं शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नियमित अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** 10 अक्टूबर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडे देवघर पहुंचे। अपने देवघर आगमन पर उन्होंने सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। श्री पांडे ने झारखंड की जनता के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश शाह, लड्डू नरौने, महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी, सूरज झा, रौनक शांडिल्य, रोहित मिश्रा, अभिषेक कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से बाबा दरबार में मत्था टेककर राज्य की उन्नति, सामाजिक सौहार्द और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना का आयोजन मंदिर प्रबंधक रमेश परिहस्त के नेतृत्व में किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गयी।

पूजा उपरांत श्री पांडे ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की कृपा से झारखंड निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। झामुमो सरकार जनहित की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने देवघर आगमन को आध्यात्मिक और राजनीतिक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बाबा की नगरी से ही राज्य के जनमानस की सेवा का संकल्प और भी दृढ़ होता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने भी नेताओं का स्वागत किया और झारखंड की समृद्धि की कामना की।

# प्रो. सलाउद्दीन अंसारी का निधन मधुपुर के लिए अपूरणीय क्षति : फुरकान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर पूर्व सांसद डॉ फुरकान अंसारी ने शुक्रवार को मधुपुर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य, पूर्व वार्ड कमिश्नर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व लोकसभा सदस्य तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक रहे प्रोफेसर सलाउद्दीन अंसारी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि लंबी बीमारी से जूझने के बाद प्रोफेसर सलाउद्दीन अंसारी साहब का इस दुनिया से जाना मधुपुर ही नहीं, पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक उत्कृष्ट शिक्षाविद्, सक्षम प्रशासक और जनप्रिय जनसेवक थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा, समाज और राजनीति–हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।मधुपुर विधानसभा के उम्मीदवार के रूप में भी उन्होंने जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखा। वे सच्चे अर्थों में एक सेकुलर और मानवतावादी विचारधारा वाले व्यक्ति थे, जिनकी पहचान सभी वर्गों और समुदायों में समान रूप से थी। डॉ फुरकान अंसारी ने कहा कि प्रोफेसर साहब का जाना ऐसा शून्य छोड़ गया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। मधुपुर ने आज एक सच्चा कर्मयोगी, विचारशील व्यक्तित्व और समाजसेवा का प्रतीक खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करें, और दिवंगत आत्मा को शांति का वरदान दें।

# पीडीएस डीलर के निधन पर संघ ने जताया शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ की हुसैनाबाद व हैदरनगर इकाई के द्वारा बेनीकला गांव निवासी और शहरी क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेता विश्वनाथ सिंह के आकस्मिक निधन पर एफसीआइ गोदाम परिसर में शोक सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। मौके पर संघ के अध्यक्ष मिथिलेश राम ने इनके निधन से क्षेत्र के लोगों के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। शोक व्यक्त करने वालों में डिलर संघ के अध्यक्ष मिथलेश राम, निगरानी समिति के रामजनम सिंह, मिडिया प्रभारी प्रवीण कुमार चौधरी, सचिव उदय यादव, कोषाध्यक्ष जमील अहमद, उमेश पासी, सूर्यनाथ पासवान, रमेश कुमार, लल्लू कश्यप, अजीत चौधरी, अरबिंद सिंह, प्रदीप पासवान, सुरज पासवान, सोनू सिह, रविन्द्र सिंह, सूर्यनाथ पासवान, इरफान, गोपाल सिंह, नरेश प्रसाद सहित हुसैनाबाद और हैदरनगर के फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ से जुड़े कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# महासमिति ने दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्षों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर पूजा महासमिति द्वारा पंचमुखी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर परिषद क्षेत्र के दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्षों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष राजन पांडेय और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार रवि ने किया। समरोह में गढ़ मुहल्ला सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूजा कमिटी अध्यक्ष राकेश केशरी,बाजार मुहल्ला जोड़ा मंदिर नवयुवक संघ पूजा कमिटी अध्यक्ष मोहित केशरी, सोरडीहा आदर्श कला केंद्र पूजा कमिटी अध्यक्ष संतोष चौधरी, ठाकुर मुहल्ला हिंदुत्व संघ पूजा कमिटी अध्यक्ष सत्यम ठाकुर, थाना चौक जागृति संघ पूजा कमिटी अध्यक्ष सोनू कुमार, पचघारा खुर्द मुस्कान क्लब पूजा कमिटी अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, उर्सुला दुर्गा पूजा कमिटी अध्यक्ष, नावाडीह कला दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष, बरसाईता पूजा कमिटी अध्यक्ष आदि को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। राजन पांडेय ने कहा कि सम्मान और बेहतर करने की प्रेरणा देगा। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, संजय कुमार ठाकुर, राजेश मार्शल,मुकेश चौधरी, दिलीप सिंह चंद्रवंशी, जयंत चौहान, विनोद विश्वकर्मा, राहुल देव वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# 12 से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपविकास आयुक्त पियूष सिन्हा की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की विस्तृत तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में उपविकास आयुक्त ने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक का एक भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे, इसके लिए सभी विभाग बेहतर माइक्रो प्लानिंग करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 12 अक्टूबर को सभी निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि 13 और 14 अक्टूबर को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर खुराक दी जायेगी। साथ ही उन्होंने अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, रोटरी क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी, आंगनबाड़ी सेविकाएं और जनप्रतिनिधि सामूहिक रूप से इस कार्य में सहयोग करें। बैठक में उपविकास आयुक्त ने लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन (छ्उउ्) को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर से 26 नवंबर तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा। इस दौरान आमजनों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और समय पर इलाज के महत्व से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन लोगों ने इलाज के बाद कुष्ठ से मुक्ति पाई है, उनके सक्सेस स्टोरी के माध्यम से समाज को प्रेरित किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि, विभिन्न चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम एनएचएम, कार्यक्रम समन्वयक और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया।

# 14 को मेदिनीनगर आयेंगे अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में नगर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता एवं संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ अभियान को जोर शोर से प्रसार प्रचार चलाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि स्वदेशी लोकल लोकल फोर भोकल, जीएसटी रिफॉर्म को 25 दिसंबर तक जन जागरण अभियान के रूप में चलाया जायेगा। श्री तिवारी ने कहा कि आगामी 14 अक्टूबर को मेदिनीनगर टाउन हॉल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का आगमन होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री ज्योति पांडे, जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी, जिला मंत्री ओमप्रकाश पप्पू, कार्यालय मंत्री नंदलाल प्रसाद, किसान मोर्चा प्रदेश समन्वयवक जितेंद्र तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी मंजू गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना किशोर, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय कुशवाहा, आइटी सेल शुभम प्रसाद, रोशन गुप्ता, प्रेम प्रकाश, आनंद कुमार, रणजीत सिंह अभी ठाकुर सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बसमता में नया ट्रांसफार्मर खोलने गये जेइ का लोगों ने किया विरोध

**लो-वोल्टेज की समस्या से परेशानी है 500 की आबादी**

**नया ट्रांसफॉर्मर लगने के तीन माह बाद भी चालू नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शहर के बसमता कृष्णा कॉलोनी के लिए लगाया गया 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर खोल कर दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया और जमकर हंगामा किया। जेबीवीएनएल के जेइ राजेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ शुक्रवार दोपहर में उक्त ट्रांसफार्मर को खोलने गये थे। इसका मोहल्लेवासियों ने विरोध कर दिया। लोगों के विरोध को देखते हुए जेइ ट्रांसफार्मर खोल कर नहीं ले जा सके। स्थानीय निवासी सुलेखा सिंह, टिंकू कुमार यादव, महेश यादव आदि ने बताया कि कृष्णा कॉलोनी में पिछले एक साल से लो-वोल्टेज की समस्या है। इससे करीब 500 की आबादी प्रभावित है। मोहल्लेवासियों के प्रयास से जेबीवीएनएल ने सावन से पहले कॉलोनी के लिए 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया, लेकिन अब तक उसे इंस्टाल नहीं किया गया है। इस कारण नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद भी मोहल्ले के लोगों को फायदा नहीं मिल रहा है। जेबीवीएनएल का कहना था कि सावन-भादो में मेला लगा था और इस कारण ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए शट डाउन नहीं लिया जा सकता है। इसके बाद लगातार बारिश हो रही है। अब बारिश खत्म हुई तो जेबीवीएनएल के जेइ राजेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ शुक्रवार को उक्त नया ट्रांसफार्मर को खोलने पहुंच गये। यह देख मोहल्लेवासियों ने जेइ का विरोध कर दिया। लोगों ने सड़क पर हंगामा किया और जेबीवीएनए के खिलाफ नारेबाजी की। स्थानीय लोगों का कहना था कि तीन माह पहले नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है और अबतक उससे कनेक्शन नहीं दिया गया है। इस कारण मोहल्ले के करीब 100 घरों में लो-वोल्टेज की समस्या बरकरार है। लेकिन अब ट्रांसफार्मर को खोल कर दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी है तो लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कैसे होगा। क्योंकि काफी मशक्कत और लिखी-पढ़ी के बाद जेबीवीएनएल ने 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के भीतर नए ट्रांसफार्मर से कॉलोनी में बिजली आपूर्ति नहीं की गयी तो जेबीवीएनएल के कार्यपालक अभियंता का घेराव करेंगे।

## चिंता : गुमला सदर अस्पताल में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की मनमानी जारी

# गुमला से रिम्स जाने के लिए एक ने छह हजार, तो दूसरे ने मांगा 3400 रुपये

- सेकेंड हैंड गाड़ियां खरीद कर उसे रंगरोगन कर एम्बुलेंस बनाकर भी लोग कमा रहे मुनाफा

### प्राइवेट एंबुलेंस चालक मरीजों के परिजनों को बरगलाकर दूसरे गैरसरकारी अस्पतालों में भर्ती करवा रहे, बदले में मिलता है 'कमीशन'

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला सदर अस्पताल में एंबुलेंस चालकों की मनमानी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। प्राइवेट एंबुलेंस चालकों ने विगत चार अक्टूबर को एक मरीज को रिम्स अस्पताल ले जाने के बदले एक ने छह हजार, तो दूसरे ने 3400 रुपए की मांग की। हालांकि परिजन 3400 रुपये खर्च कर मरीज को रिम्स अस्पताल ले गए। लेकिन गुमला सदर अस्पताल से रिम्स अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस चालकों द्वारा इतनी मोदी रकम की मांग करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। महुआडांड निवासी विकास कुमार ने शुक्रवार की सुबह 9 बजे बताया कि महुआडांड में माही गुप्ता दुर्घटना में घायल हो गये थे। उन्हें सदर अस्पताल लाया गया जहां से रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। पर 108 में कॉल करने के बाद भी एम्बुलेंस अस्पताल नहीं पहुंचा। थक हार कर परिजन प्राइवेट एंबुलेंस से बात किये। दो एंबुलेंस चालकों से बात करने पर अलग-अलग किराया बताया गया। विकास ने सदर अस्पताल प्रबंधन से रिम्स अस्पताल ले जाने का निर्धारित बोर्ड अस्पताल में लगाने की मांग की है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को लूटने से बचाया जा सके। बता दें कि सदर अस्पताल में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों की मनमानी चरम पर है। सदर अस्पताल से रिम्स अस्पताल रेफर मरीजों को शहर के कई अस्पतालों में भर्ती कर दिया जाता है जिसके एवज में प्राइवेट अस्पताल एम्बुलेंस चालकों को मोटी रकम भी देते हैं। कुछ माह पूर्व ऐसा ही एक मामला उजागर होने पर सदर अस्पताल प्रबंधन ने धनंजय नामक एंबुलेंस चालक को कार्य मुक्त कर दिया था। बावजूद इसके चालकों की मनमानी में कोई सुधार नहीं हुआ। स्वास्थ्य से जुड़े कई लोगों ने सेकंड हैंड वाहन खरीद कर रंग रोगन कर उसमें एंबुलेंस लिख दिया और उसे निजी तौर पर चलवाते हैं। उन वाहनों का रजिस्ट्रेशन भी फेल होता है। मामले को लेकर देवकी देवी ने कहा कि सदर अस्पताल में 24 घंटे दो एंबुलेंस होना चाहिए, जो गंभीर मरीज को तत्काल रिम्स अस्पताल ले जा सके। कुछ माह पूर्व गुमला डीसी ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया था। इसके बाद प्राइवेट एंबुलेंस को अस्पताल परिसर में नहीं लगाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके सदर अस्पताल परिसर में अनौपचारिक रूप से एम्बुलेंस खड़ा कर दिया जाता है और बिचौलिया सक्रिय रहते हैं।

## लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन निदेशक ने किया गुमला सदर अस्पताल का निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन केनिदेशक विद्या भूषण कुमार ने शुक्रवार को गुमला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की स्वच्छता, चिकित्सक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, प्रसव सुविधा, आपातकालीन सेवाएं और रोगी संतुष्टि सहित सभी बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अस्पताल की स्वच्छता एवं व्यवस्था सामान्य पाई गई। सर्जिकल वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, किचन एवं लेबर रूम साफ-सुथरे पाए गए। ओपीडी में अपराह्न चार बजे तक 655 मरीजों का निबंधन एवं 16 आयुष्मान कार्ड निर्गत किए गए। कुल 56 प्रसवोत्तर, 36 पुरुष, 40 सर्जिकल, 17 महिला एवं 22 शिशु वार्ड में मरीज भर्ती थे। आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही जन औषधि केंद्र में लगभग 70 प्रकार की दवाएं उपलब्ध पाई गईं। आपातकालीन सेवा 24*7 सक्रिय रही और 85 मरीजों को एम्बुलेंस सुविधा प्रदान की गई। अस्पताल के 46 सीसीटीवी कैमरे कार्यरत पाए गए एवं रोगियों द्वारा उपचार से संतोष व्यक्त किया गया। निदेशक ने चिकित्सकों की कमी को दूर करने एवं अस्पताल की सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

## आरएसएस कार्यकर्ताओं ने 100 साल पूरे होने पर किया शस्त्र पूजन और पथ संचलन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) बसिया खंड की ओर से सशस्त्र पूजन और संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बौद्धिक प्रमुख राजीव कमल, विभाग प्रचारक शाम्मी, गुमला विभाग संघ चालक प्रकाश साहू, जिला संचालक लालचंद अग्रवाल एवं खंड कार्यवाह अजीत साहू मंचासीन रहे। राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने कोनबीर नीचे चौक से होते हुए ऊपर चौक एवं नवा टोली तक पथ संचलन किया। वहां से वापस कोनबीर सामुदायिक भवन लौटकर संचलन संपन्न हुआ। मार्ग में माताओं एवं बहनों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इसके बाद सामुदायिक भवन में शस्त्र पूजन एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। विभाग प्रचारक ने संघ के उद्देश्यों, उसके समाजसेवी कार्यों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला प्रचारक प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता, जिला विभाग सेवा प्रमुख अनमोल तिवारी, जगदंबा साहू, दिनेश लकड़ा, अमर पांडे, विजय सिंह पिंटू, राजकुमार सिंह, अनिल गुप्ता, अभिमन्यु महतो और नवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सकारात्मक सोच-विचार और कर्म कर मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रख सकते हैं : बहन शांति

लायन्स क्लब ने चलाया मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय लायन्स क्लब के आह्वान पर गुमला लायन्स क्लब की ओर से मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अभियान चलाया गया। जिसके तहत मानसिक स्वास्थ्य को बढावा देने के उद्देश्य से घाटो बगीचा स्थित प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता लायन्स अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सस्था की इंचार्ज ब्रह्म कुमारी बहन शांति शामिल हुईं। उन्होंने मन की शांति प्राप्त करने को लेकर विस्तार से अपने विचार रखे। कहा कि सकारात्मक सोच विचार और कर्म कर मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रख सकते हैं। वहीं, तपकारा निवासी शिव भाई ने पांच तरह की प्रक्रिया से मन को शांत रखने की विधि समझाया। कहा कि आप मन में जैसा सोच-विचार करेंगें शरीर और मन पर वैसा ही प्रभाव पड़ेगा। सकारात्मक सोच का महत्व कई क्षेत्रों में होता है, जो हमें अपने लक्ष्य की ओर पहुंचने में मदद करती है। दो घंटे तक चले कार्यक्रम की लायंस सदस्यों ने काफी सराहना की। इस मौके पर लायंस अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जयसवाल, जोन चेयरपर्सन शकर लाल जाजोदिया लायंस, विशाल कुमार, लायंस संजय अग्रवाल, लायंस दामोदर कसेरा, लायंस सरस्वती प्रसाद, बबीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## एफआइआर दर्ज नहीं, पुलिस ने डांट कर भगाया

### न्याय के लिए भटकते हुए एसपी के पास पहुंची आदिवासी बेटी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में पुलिस की लापरवाही का हैरान करने वाला एक और मामला सामने आया है। घाघरा थाना क्षेत्र की नीतू कुमारी नामक युवती पिछले एक महीने से अपने पिता की मौत के मामले में न्याय पाने के लिए थाना और दफ्तरों के चक्कर काट रही है। लेकिन अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई है न ही दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बाइक को ही जब्त किया गया है। घटना विगत चार सितंबर की बतायी जा रही है। उस दिन शाम करीब पांच बजे नीतू कुमारी के पिता दशई उरांव घर लौट रहे थे। तभी नौनी गांव निवासी सूरजा साव अपनी बाइक से तेज रफ्तार में लापरवाही से गाड़ी चलाते दशई उरांव को टक्कर मार दी। इस हादसे में दशई गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें पहले घाघरा अस्पताल, फिर गुमला सदर अस्पताल और अंततः रांची रिम्स अस्पताल ले गये। जहां इलाज के क्रम में 11 सितंबर को उनकी मौत हो गई। उधर, पिता की मौत के बाद रांची के बरियातु थाना में मृतक की बेटी का फर्दब्यान दर्ज किया गया। इसके बाद 18 सितंबर को नीतू ने पूरे दस्तावेज और फर्दब्यान की प्रति घाघरा थाना में जमा कराई। लेकिन थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी कार्रवाई करने के बजाय पीड़िता को टालते रहे। जब भी वह एफआईआर दर्ज करने या गाड़ी जब्त करने की जानकारी लेने जाती है। थाना से उसे डांट-फटकार कर भगा दिया जाता है। गरीब आदिवासी परिवार से संबंध रखने वाली नीतू कुमारी का कहना है कि पिता की मौत से परिवार पर गहरा आर्थिक संकट आ गया है। हम न्याय की उम्मीद में दर-दर भटक रहे हैं। पुलिस मदद करने के बजाय हमें डांटकर भगा देती है। नीतू ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत शुक्रवार को गुमला एसपी से की है। जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि घाघरा थाना ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही आरोपी के वाहन को जब्त किया है।

## देवाकी आयुष ग्राम में शिविर लगाकर की गयी मरीजों की जांच



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष ग्राम देवाकी में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें डॉक्टर अनुराधा गुप्ता एवं डॉक्टर पूनम ज्योति मिंज ने मरीजों की जांच कर होम्योपैथिक दवा दी। वहीं, गांव के लोग अपनी समस्या को बताते हुए डॉक्टर से समुचित इलाज जाना और निःशुल दवा प्राप्त किया। डॉ अनुराधा गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण इलाके में अधिकतर दर्द, त्वचा संबंधि बीमारी और गैस की शिकायत आ रही है, जिन्हें दवाइयां दी जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि आने वाले समय में पुनः शिविर लगाया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोग आकर इसका लाभ उठाएं। इस मौके पर डॉ अनुराधा गुप्ता, डॉ पूनम ज्योति मिंज, सहिया कुसुम देवी, सुचिता देवी, सरिता देवी, स्वास्थ्य कर्मी अनूप उरांव और सरिता देवी आदि मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार के विरोध में घाघरा ब्लॉक का घेराव कार्यक्रम किया गया स्थगित

- अब 14 से 21 अक्टूबर तक मनाया जाएगा 'भ्रष्टाचार विरोधी सप्ताह'

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल एवं भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा के संयुक्त बैनर तले 14 अक्टूबर को प्रस्तावित घाघरा ब्लॉक घेराव कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय प्रखंड प्रशासन की ओर से भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों पर कार्रवाई के आश्वासन और रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। पार्टी के प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाईक ने बताया कि भ्रष्टाचार पर ठोस कार्रवाई और जनहित के मुद्दों के समाधान के उद्देश्य से 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक अब 'भ्रष्टाचार विरोधी सप्ताह' मनाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान प्रखंड प्रशासन को विभिन्न भ्रष्टाचार के मामलों और जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की जाएगी। कहा कि आश्वासन नहीं, बल्कि वास्तविक कार्रवाई ही प्रखंड प्रशासन की निष्ठा का मापदंड होगी। 14 अक्टूबर को पार्टी प्रतिनिधिमंडल बीडीओ से मिलकर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर औपचारिक बातचीत करेगा। बतातें चलें कि 25 सितंबर को घाघरा ब्लॉक में आयोजित विशाल धरना कार्यक्रम के दौरान चेतावनी दी गई थी कि यदि भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं होती है, तो अधिकारी एवं कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के लिए बाध्य होंगे। यदि जनता को घेराव करने की स्थिति में आना पड़ा, तो भ्रष्ट अधिकारियों को गांधीवादी तरीके से गुलाब का फूल भेंट कर सेवानिवृत्ति की मांग की जाएगी।

## पालकोट में 38वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये सीआरपीएफ के शहीद जवान फेदलिस एक्का



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी शहीद सीआरपीएफ जवान फेदलिस एक्का की 38वीं पुण्य तिथि के अवसर पर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव में श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ 158वीं बटालियन के उप कमांडेंट जी उरांव, पालकोट थाना के एएसआई रामप्रवेश शर्मा सहित जवानों ने शाहिद फेदलिस एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और सलामी दे कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीआरपीएफ 158वीं बटालियन के उप कमांडेंट जी उराव ने कहा कि शहीद मरते नहीं अमर हो जाते है। सीआरपीएफ अपने शहीद जवानों को कभी नहीं भूलता। शहीद जवान और उनके परिजनों को सीआरपीएफ की ओर से हमेशा स्मरण किये जाते हैं। इस मौके पर शहीद फेदलिस एक्का की पत्नी इमलिया एक्का को सीआरपीएफ के तरफ से मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर शहीद के पुत्र राजेश एक्का, पुत्री बसंती एक्का के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। बतातें चलें कि फेदलिस एक्का 10 अक्टूबर 1987 को शांति सेना के तौर पर श्रीलंका में तैनात थे. जहां से शहीद हुए थे।

### गुमला के भरनो में सड़क सुरक्षा को लेकर चला जांच अभियान

# 85 से अधिक लोगों पर कार्रवाई लगा 1.52 लाख रुपये का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गुमला जिला प्रशासन की ओर से सघन सड़क सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। डीसी और एसपी के निर्देश पर यह विशेष पहल जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में चलायी गयी। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए उसने कुल 1.52 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

### हेलमेट-सीट बेल्ट पर दिया गया विशेष ध्यान

डीटीओ ज्ञान जायसवाल अपनी टीम एवं पुलिस फोर्स के साथ भरनो थाना के सामने मुख्य मार्गों और चौराहों पर तैनात रहे। जिससे नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान का मुख्य फोकस दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता और चार पहिया एवं मालवाहक वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट-ड्राइविंग लाइसेंस पर था। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि लगातार नियमों को तोड़ने वाले चालकों पर लगाम कसना आवश्यक है। अभियान के दौरान नियमों के विभिन्न उल्लंघनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई, जिनमें बिना हेलमेट के बाइक चलाने, 'ट्रिपल राइडिंग', तेज गति और 'ड्रिंक एंड ड्राइव' की जांच की गयी। वहीं, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पीयूसी और रोड टैक्स जैसे जरूरी दस्तावेजों की जांच शामिल था। ट्रकों, हाइवा, टेंपो और पिकअप वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान लादने से रोकना भी अभियान का हिस्सा रहा। जांच अभियान के दौरान पकड़े गए 85 से अधिक लोगों पर न सिर्फ जुर्माना लगाया गया, बल्कि उन्हें यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। डीटीओ ने व्यक्तिगत रूप से चालकों को लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया और भविष्य में अनिवार्य रूप से नियमों का पालन करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस जांच अभियान में भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और डीटीओ कार्यालय के कर्मी एवं भरनो थाना के पुलिस बल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में बैठक आज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस की बैठक शनिवार को गुमला परिसदन में होगी। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राजनील तिग्गा करेंगे। इसे लेकर जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होने की अपील की है। बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, युवा कांग्रेस अध्यक्ष, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, आदिवासी प्रकोष्ठ, एनएसयूआई अध्यक्ष, सेवा दल अध्यक्ष, किसान मोर्चा अध्यक्ष आदि की उपस्थिति अनिवार्य है। राजनील तिग्गा ने कहा कि यह बैठक जिले में कांग्रेस को मजबूती देने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। संगठन की भावी रणनीति, बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसकी जानकारी कांग्रेस जिला मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने दी।

## गुरुकुल छात्रवृत्ति परीक्षा दो नवंबर को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय डीएसपी रोड स्थित गुरुकुल शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में दो नवंबर को जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिले के होनहार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निःशुल्क मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक संसाधन प्रदान करना है। परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। परीक्षा में गणित, अंग्रेजी, एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे। संस्थान ने बताया कि परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद छात्रवृत्ति, पूर्ण पाठ्य सामग्री और नौकरी लगने तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त, अन्य प्रतिभागियों को भी उनके प्राप्तांकों के आधार पर निःशुल्क पाठ्य सामग्री एवं आजीवन सदस्यता के साथ कोर्स उपलब्ध कराया जायेगा।

## छठ पर्व को लेकर तालाबों का जलस्तर कम करने और सफाई कराने की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने शुक्रवार को समाचार पत्रों के माध्यम से नगर परिषद प्रशासक से छठ पूजा के मद्देनजर तालाबों का जलस्तर कम करने और साफ-सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आस्था का महापर्व छठ पूजा चारों ओर मनाया जाएगा। जिसमें छठ व्रती महिलाएं, बच्चे तालाबों में ही छठ पूजा करते पहुंचते हैं। वर्तमान वस्तु स्थिति यह है कि गुमला के सभी तालाब में जल स्तर आवश्यकता से बहुत अधिक बढ़ा हुआ है जिससे दुर्घटना होने की आशंका है। पिछले महीने ही मुरली बगीचा तालाब में एक दुर्घटना हो भी चुकी है। इस लिए नगर परिषद प्रशासक से आग्रह है कि एक बार सभी तालाबों का निरीक्षण खुद से करें और आवश्यकता अनुसार मोटर लगाकर पानी कम करवा दें। ताकि किसी तरह की दुर्घटना की संभावना ही ना रहें। इसके अलावा तालाबों और आसपास के हिस्सों में विशेष रूप से साफ-सफाई भी जरूरी है। इस लिए समय रहते काम को पूरा कर लिया जाए।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने डीआरएम ऑफिस में लगायी दीपावली प्रदर्शनी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जगजीवन नगर स्थित नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने 10 अक्टूबर शुक्रवार को दीपावली के शुभ अवसर पर अपनी हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन डीआरएम कार्यालय में किया। इस दीपावली प्रदर्शनी ने सबका ध्यान खींचा। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाये गये दीपक, वंदनवार, तोरण, बास्केट आदि आकर्षक सजावटी वस्तुएं प्रदर्शित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ रतन राकेश लकड़ा डिवीजनल पर्सनल ऑफिसर एवं अधिकारी राज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीपीओ रतन राकेश लकड़ा ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि पहला कदम का यह प्रयास प्रेरणादायक है, जो बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को दर्शाता है। स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोग बच्चों की कला को सराहते हुए उनके बनाए सामान खरीदकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं। यह उनके उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर रतन राकेश लकड़ा ने सभी से अपील की कि इस दीपावली अपने घरों को दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाये गये दीपक और मोमबत्तियों से सजाएं, ताकि उनके जीवन में भी खुशियों की रोशनी फैले।

## आम आदमी पार्टी ने मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना की निंदा की



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा चौक पर बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आम आदमी पार्टी (आप) ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे दलित समुदाय का अपमान बताया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि मुख्य न्यायाधीश पर हमला बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान है और संविधान को बचाने के लिए आवाज उठाना जरूरी है। आप नेताओं ने मांग की कि केंद्र सरकार आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करे। न्यायाधीश पर हमला पूरी न्यायपालिका पर हमला है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह मिनू, जिला प्रभारी राजेश कुमार, सह प्रभारी समरेंद्र पासवान, संगठन प्रभारी नीतिश गुप्ता, प्रवक्ता संजय सिन्हा, युवा नेता शदरे आलम, जावेद खान, योगेश महतो, तनवीर अंसारी, रूपेश कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## शिविर में 78 बच्चों ने करायी दांत की जांच




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आयुष फाउंडेशन धनबाद के बैनर तले द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी, विशनपुर में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 78 बच्चों का दंत परीक्षण किया गया, जिनमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। दंत जांच डॉ शिल्पी रॉय (ऑनर, नारायणी डेंटल केयर) द्वारा की गयी। बच्चों को दांतों की स्वच्छता बनाए रखने और सही खान-पान की आदतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। विद्यालय के प्रिंसिपल श्री मदन कुमार सिंह ने आयुष फाउंडेशन धनबाद के समाजसेवी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के हेल्थ कैंप ग्रामीण और शैक्षणिक क्षेत्रों के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष गणेश शर्मा और ममता सिंह सहित कई शिक्षक एवं वॉलेंटियर उपस्थित रहे। आयुष फाउंडेशन धनबाद की ओर से कहा गया कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य एवं जागरूकता कैंप लगातार आयोजित किए जायेंगे ताकि समाज के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

## डाक दिवस पर पीएएस में पत्र-लेखन कला उत्सव का आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय डाक दिवस के अवसर पर दी पेंटीकोस्टल असेंबली स्कूल में विद्यार्थियों को पत्र लेखन की गुम हुई कला से पुन: जोड़ते हुए एक विशेष आयोजन किया गया। 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस पर कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने विशेष प्रात:कालीन सभा प्रस्तुत की, जिसमें भारतीय डाक सेवा के इतिहास, विकास और उसकी महत्ता पर रोचक जानकारी साझा की गयी। इस प्रस्तुति ने सभी को अतीत की उस खूबसूरत परंपरा की याद दिलाई, जब पत्र मानवीय भावनाओं के आदान- प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हुआ करते थे। वही, 10 अक्टूबर को विद्यालय के सम्पूर्ण प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने आइ लव यू विषय पर अपने माता-पिता के नाम अंतदेर्शीय-पत्र लिखे। बच्चों ने न केवल भावनाओं को शब्दों में पिरोया, बल्कि पूरा- पूरा पता और पिन- कोड सही लिखना भी सीखा। ये पत्र वास्तव में डाक द्वारा भेजे गए, जिससे बच्चों को वास्तविक पत्र- लेखन और डाक प्रक्रिया का अनुभव भी मिला। इसी दौरान कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए डाक विषयक एक क्विज -प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। मौके पर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा प्रसाद ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा की पत्र लेखन न केवल एक कला है, बल्कि यह मानवीय संवेदनशीलता, धैर्य , सच्ची और स्वाभाविक अभिव्यक्ति का प्रतीक है।

# 130 कर्मियों की छंटनी के विरोध में उत्पादन और डिस्पैच किया ठप

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार।** कुसुंडा क्षेत्र के आरके अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड ऐना आउटसोर्सिंग में काम कर रहे 130 कर्मियों की छटनी के विरोध में जनता श्रमिक संघ, जनता मजदूर संघ और वार्ड 37 के निवर्तमान पार्षद शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को मजदूरों ने उत्पादन और ट्रांसपोटिंग ठप कर दिया। इस संबंध में निवर्तमान पार्षद शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि जब तक स्थानीय हेल्पर व ऑपरेटरो को नियोजन नहीं मिलेगा तब तक ट्रांसपोटिंग बाधित रहेगी, जबकि स्थानीय मजदूरों का 3 माह से बिना किसी नोटिस के कार्य से बैठा दिया गया है जिससे मजदूरों को भुखमरी का दंष झेलना पड़ रहा है। अगर प्रबंधन नियोजन नहीं देती है तो आंदोलन जारी रहेगा।

बताया कि लगभग 20 से 25 दिन पहले हाईवा के कारण एक महिला की जान जाते-जाते बची, उनकी जान बचाने के लिए पैर तक काटना पड़ा। उसके पेट में 4 महीने का बच्चा पल रहा था इसी एक्सीडेंट के कारण बच्चे की मृत्यु हो गयी।

इधर जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय संगठन सचिव अमर सिंह का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा ,भूखे मरने से अच्छा है अपनी हक की लड़ाई लड़ कर ले ,कंपनी के द्वारा पिछले 5 महीनो से सिर्फ आश्वासन ही दिया है। अब जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक कंपनी का चक्का जाम रहेगा इसके लिए चाहे पुलिस हमें जेल भेजें ,हम जेल जाने के लिये तैयार है। खबर लिखे जाने तक धरना जारी था विपिन मंडल पारस यादव शंकर साव राजा कुमार प्रेम गोप आदि कई लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने दस महीने से वेतन नहीं मिलने की शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में कतरास के गुजराती हिन्दी मध्य विद्यालय के चार शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय की प्रबंध समिति ने पिछले दस महीने से वेतन नहीं दिया है। वेतन मांगने पर अध्यक्ष व सचिव ने चारों शिक्षकों को स्कूल से निकल जाने का मौखिक आदेश दिया है। शिक्षको ने बताया कि वेतन मद में उन्हें न्यूनतम वेतन से भी कम वेतन, मात्र 2500 रुपए के आस पास, बगैर बैंक अकाउंट के और बगैर पीएफ काटे वर्षों से दिया जा रहा है। जबकि सभी शिक्षक लगभग 25 से 30 वर्षों से विद्यालय में कार्यरत है। बताया कि चारों शिक्षकों का यू-डाइस में लगभग 10 वर्षों से नाम नियमित शिक्षक में रहने पर भी प्रबन्ध समिति 4 रिक्त पद पर अनुमोदन भी नहीं कर रही है। शिक्षकों ने उनकी समस्याओं का समाधान करवाने की गुहार लगायी। जनता दरबार में भौंरा से आए रैयत ने बीसीसीएल द्वारा उनकी रैयती भूमि पर जबरन ओवरबर्डन डंप करने की शिकायत की। रैयत ने बताया कि बीसीसीएल के भौंरा में वीएनएससी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी ने विगत 23 सितंबर की रात उनकी जमीन पर जबरन ओबी डंप करवा दिया। जब इसकी शिकायत बीसीसीएल प्रबंधन से कि तो प्रबंधन ने ओबी डंप हटाने का आश्वासन दिया। परंतु अभी तक ओवरबर्डन नहीं हटाया है। जनता दरबार में साजिश कर दुकान हड़पने, ऑनलाइन पंजी टू में सुधार करने, बंदोबस्त में मिली जमीन को ऑनलाइन पंजी टू में दर्ज करने, शिवलीबाडी में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, बंदोबस्त में मिली जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने, सरकारी जमीन पर कब्जा करने के लिए रैयती जमीन की घेराबंदी करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा मौजूद थे।

## फर्जी वीजा और टिकट देकर विदेश भेजने के नाम पर तीन करोड़ की ठगी

**कतरास (आजाद सिपाही)।** फर्जी वीजा और टिकट देकर विदेश भेजने के नाम पर कतरास के युवकों ने बिहार में लगभग तीन सौ लोगों से तीन करोड़ रुपए की ठगी कर ली। यह खुलासा तब हुआ, जब 29 भुक्तभोगियों को एक साथ फर्जी वीजा व टिकट देकर देश के अलग-अलग राज्यों के एरयपोर्ट पर भेज दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की जांच में ठगी के रैकेट का खुलासा हुआ। दरअसल कतरास भटमुरना के रहनेवाले अभिषेक कुमार, रंजीत कुमार शर्मा, संदीप कुमार, विनय शर्मा और मो अरमान मुजफ्फरपुर के बैरिया में इंपीरियल इंटरप्राइजेज के नाम से ऑफिस खोलकर प्लेसमेंट एजेंसी चला रहे थे। इस दौरान विदेश में नौकरी दिलाने की बात कहकर लगभग तीन सौ लोगों को अपने झांसे में ले लिया। युवकों ने बताया कि प्रति व्यक्ति डेढ़. से दो लाख रुपये तक की वसूली की गयी है।

### बोकारो एयरपोर्ट संचालन को लेकर जिला प्रशासन गंभीर , इस्पात प्रबंधन भी रेस

# बूचड़खाने का अवैध निर्माण हटाने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम

दीपक कुमार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो एयरपोर्ट संचालन को लेकर जिला प्रशासन के गंभीर रुख को देखते हुए इस्पात प्रबंधन भी रेस हो गया है। इसी क्रम में संपदा पदाधिकारी, बोकारो स्टील सिटी लोक परिसर ने सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है। जिसके तहत 15 दिनों के भीतर हवाई अड्डा के पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण स्थित अतिक्रमित अवैध निर्माण को हटाने का आदेश दिया गया है। इसी आदेश को को अमली जामा पहनाने हेतु बीएसएल की सुरक्षा टीम ने सेक्टर 12 मोड़ स्थित बूचड़खानों में शुक्रवार को नोटिस चिपकाए। जिसमें 15 दिनों के भीतर अवैध निर्माण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। जानकारी के अनुसार या आदेश लोक परिसर (अप्राधिकृत दखलकारों की बेदखली) अधिनियम, 1971 की धारा 3 और धारा 5ए उपधारा( 1 ) के तहत पारित किया गया है।

गौरतलब है कि बीते 7अक्टूबर को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में बोकारो एयरपोर्ट संचालन से संबंधित प्रगति कार्यों की समीक्षा बैठक हुई थी। बैठक में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ- साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआइ) रांची के उप महाप्रबंधक मनोज सिंह एवं बीएसएल के एवीएशन मुख्य महाप्रबंधक प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को भी निर्देश दिया था कि एयरपोर्ट परिसर में मौजूद झाड़ियों को 15 अक्टूबर तक पूर्ण रूप से साफ किया जाए। जिससे रनवे, एप्रन और दोनों कंट्रोल टावर की विजिब्लिटी में कोई बाधा नहीं रहे। 15 अक्टूबर के बाद पुलिस झ जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर विजिब्लिटी की स्थिति की जांच की जाएगी, और निरीक्षण के लिए रांची की टीम को आमंत्रित करेगी। बीएसएल प्रबंधन को एलोरा हॉस्टल परिसर को अविलंब अतिक्रमणमुक्त कराते हुए उसे विधिवत ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए प्रशासनिक सहयोग सहयोग की भी बात कही गयी थी। इसी दौरान उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि दुंडीबाग स्थित बूचड़खानों की शिफ्टिंग की कार्रवाई दीपावली तक आरंभ की जाए। ताकि एयरपोर्ट संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करने में आ रही बाधा दूर हो। इस कार्य को लेकर एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा को चिन्हित दुकानदारों को दीपावली से पूर्व तामिला करना सुनिश्चित करने को कहा गया था।

# मौट्रिक-इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को डीसी ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-05 स्थित 'आशा लता केंद्र' में शुक्रवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने दिव्यांग बच्चों के साथ घंटों समय बिताया और खुशियां बांटी। उन्होंने उनके उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम का वातावरण भावनाओं और अपनत्व से परिपूर्ण था। बच्चों के चेहरों की चमक, उनकी नि:स्वार्थ मुस्कान और जीवन के प्रति अटूट लालसा ने सभी उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि इन बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कुराहट है, वह किसी दया की नहीं, बल्कि उनके साहस, आत्मविश्वास और संकल्प की कहानी कहती है। ईश्वर ने हर व्यक्ति को किसी न किसी विशेषता से नवाजा है, बस हमें उसे पहचानना और सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी सोच बदलनी होगी। दिव्यांगों के प्रति दया नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान की भावना रखनी होगी। ये हमारे समाज का उतना ही सशक्त हिस्सा हैं जितने हम सभी है। इस अवसर पर आशा लता केंद्र में अध्ययनरत बच्चों, जिन्होंने माध्यमिक (मैट्रिक) और उच्च माध्यमिक (इंटर) परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, को उपायुक्त ने मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपकी यह सफलता यह प्रमाण है कि परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं, यदि मन में दृढ़ संकल्प हो।

उपायुक्त ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जिन्होंने इन बच्चों को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि ऐसा नहीं सोचे कि ईश्वर ने आपको सामान्य बच्चें क्यों नहीं दिया। ईश्वर ने आपको परीक्षा के लिए चुना है झ यह चुनौती है। आप सभी को ऐसे बच्चों की सेवा करनी है, उन्हें शिक्षा दिलानी है, आगे बढ़ाना है। मौके पर केंद्र के निदेशक भवानी शंकर जयसवाल, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, अधिशासी निदेशक जीके उपाध्याय, वरीय प्रशासनिक अधिकारी मोहन आजाद, प्राचार्य प्रमोद कुमार दूबे, प्रबंधक सच्चिदानंद सिंह, शिक्षिका/ शिक्षक - चैताली प्रसाद, आभा सिंह, गीता सिंह, हरिद्वार राय, संजय ठाकुर, शिव कुमारी, विद्यासागर मिश्रा, रीना सिंह, सुनिल सिन्हा फिजियोथेरापिस्ट डॉ श्वेता स्नेहा आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव में एमजीएम स्कूल की टीम रही अव्वल



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीइआरटी की ओर से रांची के काउंसिल आफ एजुकेशन एंड रिसर्च ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में पांच व छह अक्टूबर को आयोजित कला उत्सव के समूह गान प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल बोकारो की टीम अव्वल रही। सृष्टि रत्न, रोहित कुमार, अर्पिता ठाकुर व ऋषिका कुमारी ने सुर का मधुर तान छेड़ कर पहला स्थान हासिल किया। स्कूल की टीम के विद्यार्थी दिल्ली में अगले माह होने वाले राष्ट्रस्तरीय कला उत्सव में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने बताया कि जिला स्तरीय कला उत्सव में स्कूल की टीम ने समूह गान, बैंड वादन व नाटक में पहला स्थान हासिल किया था। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर स्कूल की टीम ने राज्य स्तरीय कला उत्सव के समूह गान, बैंड वादन व नाटक स्पर्द्धा में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने समूह गान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पहला स्थान हासिल कर विद्यालय व नगर का मान बढ़ाया। कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में सकारात्मक काम किया जा रहा है। विविध गतिविधियों के माध्यम से उन्हें प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान किया जाता है। विद्यालय के संगीत शिक्षक श्यामल कुमार दास, अश्विनी कुमारी व राजो श्री हलदर की देखरेख में विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कला उत्सव में प्रतिभा की चमक बिखेरी। विजेता प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते हुए प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व तमाम विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरी प्रखंड के मनीष लेंगे हिस्सा



**गिरिडीह (आजाद सिपाही) ।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के मनीष यादव भुनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस बाबत जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनके जज्बे, हौसले और दृढ़ संकल्प की सराहना किया गया। ज्ञात हो कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली एवं उड़ीसा एथलेटिक्स संघ द्वारा 10 से 14 अक्टूबर तक कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के मनीष यादव को झारखंड राज्य टीम में शामिल किया गया है। आज से शुरू हो रहे प्रतियोगिता में पूरे देश के सभी राज्यों के 2100 एथलीटों के बीच बालक अंडर 20 वर्ष आयु में मनीष यादव 400 मीटर एवं मिक्स रिले दौड़ के लिए अपना शत-प्रतिशत योगदान देंगे। इसके पूर्व मनीष यादव ने 22 से 24 सितंबर तक रांची में आयोजित 400 मीटर में रजत पदक एवं मिक्स रिले में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। वर्तमान में मनीष यादव प्राइवेट एकेडमी बंगलौर में अभ्यास करते हैं। साथ ही पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में राज्य के सभी पदक जीत चुके हैं। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मनीष यादव को जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दी और उनके जज्बे, हौसले और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस चैंपियनशिप में आप पूरी मेहनत और समर्पण का परिचय देंगे, खेलों में आपकी समावेशिता और उत्कृष्टता हमारे प्रयासों को और सशक्त बनायेगी।

## समस्याओं के समाधान को लेकर झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अधिकारियों से की मुलाकात



**झरिया/ बलियापुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पलानी पंचायत अंतर्गत बेलगारिया कॉलोनी की गंभीर समस्याओं — जलापूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार, स्वच्छता, बिजली तथा सड़क व्यवस्था — को लेकर भाकपा(माले) का एक प्रतिनिधिमंडल झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद के अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधिमंडल में भाकपा(माले) के प्रखंड सचिव गणेश चंद्र महतो, प्रखंड प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता, माले नेत्री सीमा देवी, तथा किसान नेता काशीनाथ मंडल शामिल थे। दल ने अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए कॉलोनी की उपरोक्त समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। साथ ही आगामी छठ पर्व एवं दीपावली पूजा को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था एवं सड़कों की मरम्मत को लेकर भी अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी तथा जहां-जहां समस्या अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य आरंभ किया जाएगा। उक्त पहल के फलस्वरूप अगले ही दिन झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अधिकारी बेलगारिया के छठ तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी बबलू बाउरी सहित कॉलोनी के कई लोग मौजूद थे। यह पहल स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हो सकती है।

## डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार प्रात: 5 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने ताराटॉड थाना अंतर्गत संचालित भारी/ ओवरलोडिंग वाहन और गैर जिम्मेदाराना ढ़ंग से संचालित वाहनों की जांच की। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत ओवरलोडिंग और ओवर हाइट अपराध के लिए 6 वाहनों को जब्त कर जुर्माना लगाया गया। उनमें से 3 वाहन रोड टैक्स और अन्य मानदंडों का भुगतान करने में विफल रहे, उक्त 4 वाहन को ताराटांड पुलिस स्टेशन में रखा गया। उक्त सभी वाहन क्षमता से अधिक वजन लेकर आवागमन कार्य कर रही थी। उन वाहनो पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177/179/194 के अन्तर्गत कारवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया है। साथ ही डुमरी के समीप दो वाहनो को ओवरहाइट के कारण सुसंगत धाराओं में जुर्माना वसूला गया। इस जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में गिरिडीह जिला में नियम विरुद्ध तथा गैर जिम्मेदाराना ढंग से संचालित वाहनों पर कारवाई लगातार जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने (सितंबर) में कुल 7,54,300 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

### भारत दौरे पर आये अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी बोले

# अपनी जमीन किसी के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे

- डोनाल्ड ट्रंप की मांग पर तालिबान बोला- बगराम एयरबेस नहीं देंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली/काबुल।** भारत दौरे पर आए तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को कहा कि बगराम एयरबेस किसी को नहीं देंगे। उन्होंने ये भी कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी देश के खिलाफ नहीं होने देगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने कहा था कि वे अफगानिस्तान में अमेरिका का बनाया हुआ बगराम एयरबेस वापस चाहते हैं। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा कि अफगान लोग कभी अपनी जमीन पर विदेशी सेना को स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई देश अफगानिस्तान के साथ संबंध बनाना चाहता है, तो डिप्लोमेटिक तरीके से आयें, मिलिट्री वर्दी में नहीं।

## भारत-अफगान रिश्तों का भी जिक्र किया

मुत्तकी ने भारत और अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों का भी जिक्र किया। उन्होंने भारत को करीबी दोस्त बताया, जो मुश्किल वक्त में अफगानिस्तान के साथ खड़ा रहा। हाल ही में हेरात प्रांत में आये भूकंप के बाद भारत ने सबसे पहले मानवीय मदद भेजी थी। उन्होंने कहा कि भारत ने सबसे पहले मदद की। हम भारत को करीबी दोस्त मानते हैं। मुत्तकी ने भारत को अफगानिस्तान के खनिज और एनर्जी सेक्टर में इन्वेस्टमेंट करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के संसाधनों का रास्ता तालिबान से होकर जाता है और वे भारत के साथ काम करना चाहते हैं। अफगानिस्तान में लिथियम, कॉपर और रेयर अर्थ मिनरल्स जैसे संसाधनों बड़ी मात्रा में हैं, जो बैटरी और तकनीकी इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## अफगानिस्तान में दूतावास शुरू करेगा भारत

भारत फिर से अफगानिस्तान में अपना दूतावास शुरू करने की बात कही। विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय बैठक में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारत काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में बदलेगा। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने दूतावास बंद कर दिया था, लेकिन एक साल बाद व्यापार, चिकित्सा सहायता और मानवीय सहायता की सुविधा के लिए एक छोटा मिशन खोला था। दिल्ली में हुई जयशंकर और मुत्तकी की बैठक में किसी भी देश के झंडे का इस्तेमाल नही किया गया। दरअसल भारत ने अफगानिस्तान में अब तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। मुत्तकी गुरुवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है।

## अफगानिस्तान के विकास में भारत की रुचि : जयशंकर

जयशंकर ने कहा कि भारत को अफगानिस्तान के विकास में गहरी रूचि है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने निपटने के लिए किये जा रहे साझा कोशिशों की भी तारीफ की। उन्होंने मुत्तकी से कहा कि हम भारत की सुरक्षा के प्रति आपकी संवेदनशीलता की सराहना करते हैं, पहलगाम आतंकी हमले के दौरान आपने जो समर्थन दिया, वह काबिलेतारीफ था। जयशंकर ने कहा कि भारत, अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसे और मजबूत करने के लिए ही, मैं आज भारत के तकनीकी मिशन को भारतीय दूतावास के दर्जे तक बढ़ाने की घोषणा कर रहा हूं।

**ताजमहल और देवबंद भी जायेंगे मुत्तकी :** मुत्तकी सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का भी दौरा करेंगे। 11 अक्टूबर को मुत्तकी सहारनपुर के प्रसिद्ध दारुल उलूम देवबंद मदरसे जायेंगे। 12 अक्टूबर को मुत्तकी आगरा में ताजमहल का दौरा करेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह बैन लगाना असंभव : सुप्रीम कोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिवाली से कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन हटाने की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा- दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाना असंभव सा है। यह व्यावहारिक और आदर्श नहीं है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि ऐसे प्रतिबंधों का अक्सर उल्लंघन होता है। इसी के साथ बेंच ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को बनाने और बेचने की परमिशन देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

सुनवाई के दौरान केंद्र और दिल्ली-एनसीआर के राज्यों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- बच्चों को त्योहार मनाने दें। बिना टाइम लिमिट और रोक-टोक पटाखे फोड़ने दिये जायें। इससे पहले 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी दी थी, लेकिन बिना कोर्ट की इजाजत एनसीआर में बिक्री न करने की शर्त रखी थी। दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली और उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा के 16 जिले आते हैं।

**7 सालों से दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन :** दरअसल, 2017 में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाते हुए ग्रीन पटाखे जलाने का आदेश दिया था। इसके बाद 2018 में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। 2024 तक यह बैन लगा रहा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदूषण स्तर ज्यादा नहीं घटा। साथ ही लोग अक्सर प्रतिबंध तोड़ते रहे। इसी वजह से दिवाली पर बैन का उल्लघंन होने के बाद कोर्ट ने दिल्ली में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर रोक लगा दी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है।
1. निविदा संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-07-OPEN-2025-26 दिनांक 08.10.2025. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल से खुलने वाली ट्रेनों में ऑन बोर्ड लिनन डिस्ट्रब्यूशन का चार साल के लिए ठेका। कार्य समापन अवधि–4 वर्ष। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹18,92,80,940.80 (अठारह करोड़ बानवे लाख अस्सी हजार नौ सौ चालीस रूपये और अस्सी पैसे) मात्र। 4. बयाना राशि : ₹10,96,500.00 (दस लाख छियानवे हजार पांच सौ रूपये) मात्र। 5. ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 29.10.2025 को 17:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 30.10.2025 को 12:00 बजे। 6. प्री-बिड मिटिंग दिनांक एवं समय 14.10.2025 – 11:00 बजे : प्री-बिड मिटिंग स्थान : सीनियर सी.डी.ओ./धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद। 7. वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद
पीआर/1128/डीएचएन/यां./टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या : RP/ECR/DNR/PMS/GMO-PTRU/RETEND दिनांक – 08.10.2025
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Request for proposal (RFP) appointment of project management services (PMS) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between Gomoh-Patratu Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹63148809.53/–, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹465800.00/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक– 26.11.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 10.12.2025 को 15:00 बजे। 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/1129/डीएनआर/विद्युत/टी/24–25/40


# छिंदवाड़ा में कफ सिरप दवा कंपनी मालिक पर कोर्ट में हमले की कोशिश

- वकील बोले-फांसी दो, रंगनाथन को 10 दिन की रिमांड पर सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत के मामले में पकड़े गये दवा कंपनी मालिक गोविंदन रंगनाथन को शुक्रवार को परासिया कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उन पर हमले की कोशिश की गयी। लोगों और वकीलों ने हत्यारे को फांसी देने की मांग की। आरोपी रंगनाथन को प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शैलेंद्र उइके की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 10 दिन की रिमांड पर सौंपा है। इससे पहले मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विशेष जांच दल सुबह 11 बजे रंगनाथन को लेकर परासिया पहुंचा था। उसे परासिया थाने में में रखा गया था। रंगनाथन की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल में बना कप सिरप पीने से छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्णा में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है।

इधर, परासिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्याम कुमार साहू ने कहा- जिले का कोई भी वकील ऐसे आरोपी की पैरवी नहीं करेगा। अगर बाहर से कोई वकील उसकी पैरवी करने आता है, तो हम उसका भी विरोध करेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट में सीबीआइ जांच की मांग खारिज :** सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सीबीआइ या न्यायिक जांच की मांग खारिज कर दी है। वकील विशाल तिवारी ने जनहित याचिका लगाकर केस की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षतावाले राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआइ के जरिए गठित एक्सपर्ट कमेटी से कराने की मांग की थी।

# केंद्र बोला : जम्मू-कश्मीर के 99.9% लोग सरकार के साथ

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा देने से जुड़ी याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्तों का समय दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग झूठी बातें फैला रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। राज्य के हालात सामान्य हैं। विकास हो रहा है और 99.9% लोग सरकार के साथ हैं।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**